■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

वर्ष : 36, अंक : 215
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
1 जनवरी 2026
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

स्वागत 2026
✷ पटना संस्करण
अपना प्रदेश, अपनी बात

नवबिहार टाइम्स परिवार की ओर से आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं




## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने दी नववर्ष की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को नये वर्ष2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि वर्ष 2026 समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि आनेवाले वर्ष में बिहार देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकेगा। उन्होंने कहा है कि नववर्ष में सबके सम्मिलित प्रयास से सुखी, समृद्ध एवं गौरवशाली बिहार के निर्माण का संकल्प पूरा होगा।

### निगरानी ब्यूरो भ्रष्टाचारियों के लिए बनाएगा स्पेशल सेल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की सख्ती इस वर्ष और बढ़ेगी। भ्रष्टाचार के मामले में जल्द सुनवाई और को सजा दिलाने के लिए निगरानी ब्यूरो जल्द ही दो नए कोषांग गठित करेगा। पहला कोषांग स्पीडी ट्रायल और दूसरा विभागीय कार्यवाही नाम से संचालित होगा। भ्रष्टाचार के मामले में पकड़े गए आरोपितों को वर्ष 2026 में सजा दिलाने पर निगरानी ब्यूरो का सर्वाधिक फोकस होगा। यह जानकारी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने बुधवार को दी।

### बैरिया सीओ के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम चंपारण के बैरिया अंचलाधिकारी मुकेश कुमार पर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। सदर डीसीएलआर शिवम गुप्ता ने जिलाधिकारी तरजोत सिंह को इस संबंध में प्रतिवेदन भेजा है। यह कार्रवाई राजस्व कार्यों में शिथिलता, राज्य स्तरीय रैंकिंग में गिरावट और विभिन्न शिकायतों पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण की गई है। डीसीएलआर द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया है कि अंचलाधिकारी द्वारा अब तक कोई तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट नहीं दी गई है।

# स्व. नवीन किशोर जी की सादगी, अनुशासन और सिद्धांतनिष्ठा आज भी आदर्श : नितिन नवीन

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने पिता एवं दिवंगत भाजपा नेता स्व. नवीन किशोर सिन्हा जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने पूज्य पिता एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं दिवंगत नेता स्वर्गीय नवीन किशोर सिन्हा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सिन्हा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके द्वारा पार्टी व समाज के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा के अपरांत राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि स्व. नवीन किशोर सिन्हा जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और जनकल्याण को समर्पित रहा। वे न केवल एक कुशल संगठनकर्ता थे, बल्कि कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी थे। उनकी सादगी, अनुशासन और सिद्धांतनिष्ठा आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श है। नितिन नवीन ने कहा कि स्व. सिन्हा जी ने हर परिस्थितियों में भी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किया।



उनका जीवन यह सिखाता है कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि पद या प्रतिष्ठा का। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने उन्हें सदैव सत्य, ईमानदारी और जनसेवा के मार्ग पर चलने की सीख दी। आज जो भी जिम्मेदारी मुझे मिली है, वह उन्हीं संस्कारों और शिक्षाओं का परिणाम है। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और आदर्श मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि वे अपने पिता



श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र, संगठन और समाज की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज के हर वर्ग तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंग। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक जनक राम, विधायक जनक सिंह, विधायक सुनील कुमार, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पटना की महापौर सीता साहू, बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम अपरांत बिहार के राज्यपाल ने भी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जी के आवास पर पहुंचकर उनके पिता एवं भाजपा के दिवंगत वरिष्ठ नेता स्व नवीन किशोर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इधर, बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज स्व. नवीन सिन्हा स्मृति पार्क, पटना में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्व. नवीन किशोर सिन्हा की पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धान्जलि सभा मे उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना के राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस 400 बेड के हड्डी रोग के अति विशिष्ट अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक और इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी के तहत इस अस्पताल को हड्डी रोग के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है और इस अति विशिष्ट अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। यहां हड्डी रोग से संबंधित




बीमारियों के इलाज की आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपस्थित मरीजों एवं उनके अभिभावकों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों निर्देश दिया कि मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से हो, इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चंद्रशेखर सिंह तथा जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। 215 करोड़ की लागत से 400 बेड के भवन का हो रहा निर्माण मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2012 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल को हड्डी रोग के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गयी थी, जहां पर हड्डी रोग से संबंधित सभी प्रकार के इलाज की अच्छी व्यवस्था रहे। इसके आलोक में इस अस्पताल परिसर में ही 215 करोड़ रुपये की लागत से 400 बेड के अति विशिष्ट अस्पताल भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस छह मंजिला अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जारी है जो मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। इसमें 250 वाहनों के पार्किंग, 6 लिफ्ट, 6 आपरेशन थियेटर, 42 आइसीयू बेड तथा 15 प्राइवेट वार्ड इत्यादि की व्यवस्था है।

# एक ही कमरे में सो रहे नानी, नाती और नतिनी की दम घुटने से मौत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कुर्किहार महादलित टोला में दर्दनाक घटना घटी जहां ठंड से बचने के लिए कमरे के अंदर जलाई गई बोरसी तीन जिंदगियों के लिए काल बन गई। इस हादसे में 60 वर्षीय मीना देवी, उनके 5 वर्षीय नाती सुजीत कुमार और 6 वर्षीय नतिनी अंशी कुमारी की दम घुटने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रात में ठंड अधिक होने के कारण एक ही कमरे में बोरसी जलाई गई थी। कमरे की खिड़की और दरवाजा बंद था जिससे धुएं का असर बढ़ गया। सुबह जब मीना देवी की बेटी काजल देवी उठीं और मां को जगाने पहुंचीं तो देखा कि मां और दोनों बच्चे अचेत अवस्था में पड़े हैं। स्थानीय चिकित्सक को बुलाया गया जिन्होंने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मीना देवी अपने पति की गैरमौजूदगी में घर संभाल रही थीं। परिवार मजदूरी पर निर्भर है और आर्थिक मजबूरी में असुरक्षित साधनों का उपयोग करना उनकी नियति बन गया था। घटना के बाद पूरे महादलित टोले में कोहराम मच गया है। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजन रामानंद मांझी का कहना है कि यदि सुरक्षित इंतजाम होता तो शायद तीन मासूम जिंदगियां बच सकती थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

# बिहार के पूर्व डीजीपी आलोक राज बने कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक आलोक राज को बिहार कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वे इसके अतिरिक्त प्रभार में थे, जिसे अब स्थायी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी की है। आलोक राज वर्तमान में बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक सह प्रबंध निदेशक थे। अधिसूचना में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2026 से पांच वर्षों अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो के लिए बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद पर किया जाता है।












### मुठभेड़ में नक्सली दयानंद मालाकार ढेर

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। तेघरा थाना क्षेत्र के नोनपुर इलाके में हुई मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली दयानंद मालाकार को एनकाउंटर में मार गिराया गया। इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार नक्सली दयानंद मालाकार लंबे समय से पुलिस को वांछित था और उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज थे। खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम ने नोनपुर इलाके में संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान पुलिस टीम पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। मुठभेड़ के दौरान दयानंद मालाकार गोली लगने से मौके पर ही ढेर हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद होने की भी सूचना है।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की विदेशी मुद्रा सेवाओं और इइएफसी खातों की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए व्यापक विदेशी मुद्रा (एफएक्स) सेवाओं और एक्सचेंज अर्नर्स फॉरेन करंसी (इइएफसी) खातों के शुभारंभ की घोषणा की। यह रणनीतिक पहल सीमा पार लेनदेन में लगे व्यक्तियों और व्यवसायों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और वैश्विक स्तर पर सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। नवनिर्मित विदेशी मुद्रा सेवाएं ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रदान करती हैं। इसमें विदेश से धन प्राप्त करने के लिए 'इनवर्ड रेमिटेंस', वैश्विक स्तर पर पैसा भेजने के लिए 'आउटवर्ड रेमिटेंस' और बहु-मुद्रा खाते रखने के लिए विदेशी मुद्रा जमा की सुविधा शामिल है। ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज रेट, तीव्र प्रसंस्करण समय और प्रशिक्षित विदेशी मुद्रा पेशेवरों से समर्पित सहायता का लाभ मिलेगा जिससे हर अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन कुशल और पारदर्शी बनेगा। विदेशी मुद्रा सेवाओं के पूरक के रूप में इइएफसी खाता निर्यातकों और विदेशी मुद्रा में कमाई करने वाले पेशेवरों को भारतीय रुपए में तत्काल परिवर्तन किए बिना अपनी विदेशी मुद्रा आय को रखने और प्रबंधित करने का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है। यह सुविधा ग्राहकों को मुद्रा के उतार-चढ़ाव से बचने में मदद करती है और भविष्य के व्यवसाय या यात्रा की जरूरतों के लिए विदेशी मुद्रा में तरलता बनाए रखने में सक्षम बनाती है। इइएफसी खाता स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय मुद्राओं में रखा जा सकता है और इसका उपयोग फेमा दिशानिर्देशों के अनुपालन में व्यावसायिक भुगतान, यात्रा और व्यापार-संबंधित खर्चों जैसे अनुमत लेनदेन के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रिटेल लायबिलिटीज (टीएएससी और टीपीपी) प्रमुख हितेंद्र झा ने कहा हमारी विदेशी मुद्रा सेवाओं और इइएफसी खाते की शुरुआत के साथ हमारा लक्ष्य ग्राहकों को एंड-टू-एंड अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग क्षमताओं के साथ सशक्त बनाना है। यह लॉन्च एक भरोसेमंद डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए वैश्विक लेनदेन को सरल बनाने, उन्हें सुलभता, पारदर्शिता और सुविधा प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। ये पेशकश उन निर्यातकों, फ्रीलांसर्स, अनिवासी भारतीयों (एनआरआई), सूक्ष्म और लघु उद्योगों और यात्रियों के लिए डिजाइन की गई हैं जो वैश्विक परिचालन में शामिल हैं। बैंक ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और भारत के बढ़ते सीमा पार व्यापार और रेमिटेंस इकोसिस्टम में योगदान देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ये नई सेवाएं प्रतिस्पर्धी दरों के साथ परेशानी मुक्त इनवर्ड और आउटवर्ड रेमिटेंस प्रदान करती हैं जो तेज और पारदर्शी लेनदेन के लिए डिजिटल प्रक्रियाओं द्वारा समर्थित हैं। इइएफसी खाता सुविधा ग्राहकों को विदेशी मुद्रा आय को बनाए रखने और उपयोग करने की अनुमति देती है जिसमें सभी लेनदेन फेमा दिशानिर्देशों के अनुसार होते हैं। ग्राहकों को व्यक्तिगत सहायता के लिए समर्पित 'फॉरेक्स रिलेशनशिप मैनेजर्स' और जमा राशि के लिए लचीले विकल्प उपलब्ध होंगे। बैंक के डिजिटल और शाखा बैंकिंग चैनलों के साथ सहज एकीकरण के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का 180 किमी प्रति घंटा हाई-स्पीड ट्रायल कामयाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह हाई-स्पीड ट्रायल रेलवे सुरक्षा आयुक्त की निगरानी में कोटा-नागदा सेक्शन पर किया गया जिसमें ट्रेन ने अधिकतम 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार हासिल की। यह उपलब्धि उन्नत और आत्मनिर्भर रेल तकनीक की दिशा में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। परीक्षण के दौरान ट्रेन के विभिन्न तकनीकी मानकों का गहन मूल्यांकन किया गया। इसमें राइड स्टेबिलिटी, दोलन और कंपन व्यवहार, ब्रेकिंग परफॉर्मेंस, आपातकालीन ब्रेकिंग सिस्टम, सुरक्षा प्रणालियां तथा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी पहलू शामिल थे। उच्च गति पर ट्रेन का प्रदर्शन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया और रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा ट्रायल को सफल घोषित किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस हाई-स्पीड ट्रायल का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल परीक्षण दिखाया गया, साथ ही वाटर-ग्लास स्टेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन भी प्रदर्शित किया गया। इसमें पानी से भरे गिलास तेज रफ्तार में भी बिना छलके स्थिर रहे जिससे ट्रेन की उत्कृष्ट राइड क्वालिटी, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम और तकनीकी मजबूती स्पष्ट हुई। इस परीक्षण में उपयोग की गई 16 कोचों वाली वंदे भारत स्लीपर रेक को लंबी दूरी की यात्री सेवा के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसमें आरामदायक स्लीपर बर्थ, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम, स्वचालित दरवाजे, आधुनिक शौचालय, अग्नि पहचान और सुरक्षा निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी आधारित निगरानी, डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली और ऊर्जा-कुशल तकनीकें शामिल हैं। सीआरएस हाई-स्पीड ट्रायल की सफलता वंदे भारत स्लीपर सेवाओं के संचालन का मार्ग प्रशस्त करती है और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के तहत नवाचार, सुरक्षा और स्वदेशी रेल निर्माण के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पंचरूपी हनुमान मंदिर में मनी रामलला स्थापना की प्रथम वर्षगांठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में स्थापित रामलला की स्थापना का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में भगवान श्री रामलला की विशेष पूजा अर्चना की गई और उसके बाद उनको गंगाजल से स्नान के पश्चात नया वस्त्र धारण कराया गया। मौके पर रामलला मंदिर में मंदिर के पुजारी के द्वारा रामचरितमानस के बालकांड एवं सुंदरकांड का पाठ के साथ-साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। पूजा अर्चना भजन कीर्तन के बाद मंदिर प्रबंधन की ओर से भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर राजवंशी नगर पंच रूपी हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष इंदू भूषण कश्यप, न्यास समिति के सदस्य आलोक कुमार, मोहित प्रकाश, प्रेम कुमार, राजकिशोर सिंह, डॉ सुनील कुमार सिंह, मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार तिवारी, पुजारी सुरेन्द्र दुबे, शिवकांत झा, राजेश झा, अजय झा, धीरज दुबे, बिरजू मिश्रा, सुबोध तिवारी, साकेत परासर, ओम तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, संजीव रंजन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नर्मदेश्वर लाल ने संभाला प्रधान कृषि सचिव, बिहार का पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि भवन, पटना में नर्मदेश्वर लाल ने प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार के पद पर अपने कार्यालय कक्ष में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान विभाग के पूर्व प्रधान सचिव पंकज कुमार भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनसे विभागीय गतिविधियों और वर्तमान योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कृषि परिवार को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी अधिकारियों के साथ नव वर्ष में किसानों के हित, कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम लि. स्पर्श गुप्ता, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, विशेष सचिव शैलेन्द्र कुमार, अपर सचिव कल्पना कुमारी सहित कृषि विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# किसानों को उचित मूल्य दिलाने हेतु बिहार सरकार की सशक्त पहल

## राज्यभर के कृषि बाजार प्रांगणों का चरणबद्ध आधुनिकीकरण : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बाजार व्यवस्था विकसित करने तथा कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ठोस और दूरगामी पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा बिहार कृषि एक्सीलेरेशन मिशन तथा बिहार कृषि अवसंरचना मिशन की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। इन दोनों मिशनों का लक्ष्य किसानों के उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण, बेहतर पैकेजिंग, विपणन, कृषि आधारित स्टार्टअप को प्रोत्साहन तथा आधुनिक कृषि बाजार अवसंरचना का निर्माण करना है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि बिहार को कृषि स्टार्टअप का हब बनाने, जी.आई. टैग प्राप्त उत्पादों के लिए समर्पित बाजार विकसित करने तथा ग्रामीण कृषि हाटों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। इन दोनों मिशनों से संबंधित कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन कृषि विपणन निदेशालय के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सशक्त नेतृत्व में बिहार सरकार किसानों के सर्वांगीण एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर सतत और प्रभावी प्रयास कर रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसान केवल उत्पादक ही नहीं, बल्कि समृद्ध और सम्मानित भागीदार बने। मंत्री ने बताया कि राज्य के कृषि बाजार प्रांगणों का चरणबद्ध आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास किया जा रहा है। गुलाबबाग (पूर्णियां), मुसल्लहपुर (पटना), आरा, हाजीपुर,

# बऊआ देवी को वर्ष 2025 का नवगीतिका शिखर सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सांस्कृतिक-सामाजिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार द्वारा मधुबनी पेंटिंग की प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री बऊआ देवी को वर्ष 2025 का नवगीतिका शिखर सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान संस्थान के वार्षिकोत्सव में बिहार के कला संस्कृति एवं युवा मामलों के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के कार्यक्रमों से दिया जाना था। स्वास्थ्य कारणों से कार्यक्रम में बऊआ देवी की अनुपस्थिति के कारण उस दिन उन्हें सम्मान नहीं दिया जा सका। बाद में उनके आवासीय स्थल पर संस्था की सचिव डॉक्टर नीतू कुमारी नया गीत संयुक्त सचिव राजेश केसरी, निहारिका अखौरी तथा संस्था के कोषाध्यक्ष प्रियेश प्रियम ने पूरे सम्मान के साथ उन्हें स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र प्रदान किया। नवगीतिका शिखर सम्मान प्रति वर्ष एक ऐसे साहित्यकार, संगीतकार या कलाकार को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में विस्तृत और स्मरणीय कार्य किया है। पूर्व में वरिष्ठ साहित्यकार उषा किरण खान, वरिष्ठ लोक गायक और संगीत गुरु भरत सिंह भारती तथा वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा को नवगीतिका शिखर सम्मान से नवाजा जा चुका है। बउआ देवी मधुबनी पेंटिंग की एक जानी-मानी हस्ताक्षर हैं। मधुबनी जिला की ग्रामीण परंपरा के अनुसार महिलाएं त्योहारों और शादियों में दीवारों पर चित्र बनाती थीं। बऊआ देवी ने इसी कला को आगे बढ़ाया और धीरे-धीरे कागज और कपड़े पर भी चित्रकारी शुरू की। उन्होंने मधुबनी पेंटिंग में सामाजिक विषय भी शामिल किए-जैसे महिला सशक्तिकरण, गरीबी, पर्यावरण। उनकी पेंटिंग्स सिर्फ धार्मिक या पारंपरिक नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने इसमें समाज की असलियत भी उतारी। धीरे-धीरे उनके चित्र विदेशों तक पहुंचे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।

# छपरा एएनएम नर्स प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने छपरा स्थित 'श्रेया क्लिनिक एंड ट्रॉमा' में कार्यरत एक एएनएम नर्स की संदिग्ध मृत्यु के मामले को अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मानते हुए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया है। गौरतलब है कि 26 दिसंबर 2025 को संबंधित एएनएम नर्स का शव रेलवे ट्रैक के समीप बरामद किया गया था। मृतका के परिजनों द्वारा नर्सिंग होम संचालक एवं अन्य कर्मियों पर दुष्कर्म एवं नृशंस हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और चिंता उत्पन्न कर दी है। मामले की निष्पक्ष, गहन एवं वस्तुनिष्ठ जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित यह उच्च स्तरीय कमेटी 2 जनवरी 2026 को छपरा पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करेगी। पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगी तथा संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त कर विस्तृत जांच के उपरांत अपनी रिपोर्ट बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। उच्च स्तरीय जांच कमेटी के सदस्य निम्नलिखित हैं-कृपानाथ पाठक-पूर्व मंत्री, बिहार, कामेश्वर सिंह विद्वान-पूर्व जिलाध्यक्ष, सारण जिला कांग्रेस कमेटी, अरविन्द लाल रजक-पूर्व महासचिव, प्रदेश कांग्रेस शशि रंजन- अध्यक्ष, पटना महानगर कांग्रेस कमेटी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सेवानिवृत्त 46 रेलकर्मियों का किया गया 'समापक भुगतान'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दिसंबर माह-25 में सेवानिवृत्त हुए 46 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में 'समापक भुगतान एवं विदाई' दी गई। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने 'समापक भुगतान' की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के सभी विभागों के अधिकारी एवं ई.सी.आर.ई.यू, ओ.बी.सी एवं एस.सी. एस.टी.एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# छपरा की जघन्य घटना ने बिहार की कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** छपरा में एक युवती के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या की घटना ने पूरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न सिर्फ अमानवीय और शर्मनाक है, बल्कि बिहार में कानून-व्यवस्था की भयावह स्थिति को भी उजागर करती है जिस तरह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, वह साफ दर्शाता है कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पूरी तरह विफल हो चुकी है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने इस घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एफआईआर में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं। एक पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय उसे जान से मार दिया जाना, राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि आखिर अपराधी इतने निडर कैसे हो गए कि वे कानून, पुलिस और समाज–सबको खुली चुनौती दे रहे हैं। राजेश राम ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, तेज और पारदर्शी जांच कराई जाए। किसी भी दोषी को, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, किसी भी कीमत पर बचाया न जाए। पीड़िता के परिवार को तुरंत सुरक्षा, उचित मुआवजा और न्याय का भरोसा दिया जाए। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे तमाम दावे जमीन पर क्यों फेल हो रहे हैं।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा एकादशी द्वादशी को देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। संयोजक कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने बताया कि भंडारे में करीब 1500 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस भंडारे के आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक कन्हैया अग्रवाल कन्नू, राजेन्द्र मित्तल, संजय भालोठिया, आनंद डालमिया, मुकेश हिसारिया, जितेन्द्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, गोपी मित्तल पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, सुनील कनोड़िया, केशव अग्रवाल, गोपी तुलस्यान, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, मोनू, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, अजय शर्मा, रिषभ अग्रवाल, सतीश खेमानी, विनोद थीरानी, कमलेश कुमार सिंह सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजा समिति, श्री श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

# पूर्व मुख्यमंत्री के. बी. सहाय की 127वीं जयंती मनायी गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. के. बी. सहाय की 127वीं जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में मनायी गई। समारोह की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर राजेश राम ने स्व. के. बी. सहाय के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बिहार में जमींदारी प्रथा के उन्मूलन तथा भूमि सुधार कार्यक्रम को लागू करने में स्व. सहाय की बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के राजस्व मंत्री तथा बाद में मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने दलितों, पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम को लागू किया जिसका लाभ आज समाज के इन वर्गों में विकास के रूप में देखा जा सकता है। इसके पूर्व स्व. कृष्ण बल्लभ सहाय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, रेखा दास, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मनोज शर्मा, अरविन्द लाल रजक, मृणाल अनामय, डा. विनोद यादव, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशि भूषण राजपूत, नदीम अंसारी, अमन कुमार, अरूण पाठक, राहुल मिश्रा, डा. हेमन्त कुमार, प्राची सिन्हा, सुनील कुमार सिंह, हेमन्त कुमार, कामेश्वर झा, शहाबुद्दीन, शशि भूषण वर्मा के अलावे उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने भी स्व. सहाय के चित्र पर माल्यार्पण किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार व भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में 2025 की विदाई, नववर्ष का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यालय सह भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यालय में वर्ष 2025 की विदाई एवं नववर्ष 2026 के शुभ आगमन के अवसर पर सायंकाल केक काटकर हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे माहौल में उत्साह, उमंग और नववर्ष के स्वागत की सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 एनडीए गठबंधन के लिए ऐतिहासिक और उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन से एनडीए गठबंधन की सरकार बनी जिसने देश के विकास, किसानों के कल्याण और जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए लगातार कार्य किया। यह सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने नववर्ष 2026 के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 सभी के जीवन में नई ऊर्जा, नए अवसर और खुशियों का पिटारा लेकर आएगा तथा हर व्यक्ति की झोली खुशियों से भरेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए लगातार कार्य करती रही है और आगे भी किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा गरीबों के हित में संकल्पबद्ध रहेगी।

# लघुकथा पाठ के साथ लघुकथाकारों ने वर्ष-2025 को कहा अलविदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** गांधी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय गांधी शिल्प बाजार में राजधानी के लघुकथाकारों ने ढलती दोपहरी में खुशनुमा गुनगुनी धूप के बीच अपनी- अपनी लघुकथाओं का पाठ कर वर्ष 2025 को साहित्यिक विदाई दी। गांधी शिल्प बाजार में खरीदारी करने आए लोग लघुकथा सुनकर भावविभोर हो उठे। बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश, डॉ शिवनारायण की अध्यक्षता एवं डॉ ध्रुव कुमार के संयोजकत्व में लघुकथाकार वीरेंद्र भारद्वाज (दो रसगुल्ले), रवि श्रीवास्तव, (बाजार), विभा रानी श्रीवास्तव (रंगरेज, पूनम कतरियार (मुक्तिगाथा), प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र (अनेरी), पूनम सिंहा श्रेयसी (उम्मीद के बीज), डॉ ध्रुव कुमार (सार्थक सोच), मीना परिहार (अपशकुनी), आलोक चोपड़ा (अछूत), सुमन कुमार (अब न अंगूठा छाप), अनिल रश्मि (सम्मान), सीमा रानी (असली सम्मान), अतुल राय (जन सेवक), श्रेया (कन्या पूजन), अनुराग कुमार ( चुप्पी), सत्यम (तेरी और मेरी), रवि श्रीवास्तव (बाजार), अनिल कुमार सिंह (लाइक), खुशी कुमारी (असली कीमत) शौर्य पाराशर (भ्रष्टाचार) यश पाराशर (भूख की चोरी) कुमार एप्पिट (असली आस्था) अमितेश राज हीरो आदित्य कुमार (अगर मैं लड़की होता) अनिल रश्मि (सम्मान) डॉ पूनम आनंद (भय) आलोक चोपड़ा (अछूत) रिचा वर्मा (खुशियां) ध्रुव कुमार (सार्थक सोच) डॉ. शिवनारायण (सत्ता) सहित तीन दर्जन से अधिक लघुकथाकारों ने अपनी लघुकथाओं का पाठ किया।

## एक नजर

### एमएलसी ने धेवधा एवं केशऔरी में परिवार वालों को बंधाया ढाढस

**पकरीबरावां**। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, सत्तारूढ दल के सचेतक सह विधान पार्षद नीरज कुमार पकरीबरावां प्रखण्ड के धेवधा गांव स्थित जिला परिषद सदस्या पूनम देवी के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात की। इस दौरान मुकेश सिंह को ढाढस बंधाया। वे केशऔरी गांव पहुंचकर नरेश सिंह को श्रद्धांजलि दी।

### एसडीओ ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण



**हिलसा (नालंदा)**। मंगलवार की देर शाम हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीओ ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, लैब, बाथरूम, शौचालय समेत अस्पताल के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की गई। जांच में सभी कर्मी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित पाए गए और मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा था। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि मरीजों की सुविधा, अस्पताल की स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अस्पतालों की नियमित निगरानी और औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

### वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बुधवार को पंजाब नैशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नवादा में नवार्ड के डी डी एम सुशांत रौशन द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान में पच्चास से ऊपर महिलाओं को मशरूम खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण आयोजन में संस्थान के निदेशक सुनील कुमार, नवार्ड के डीडीएम एवं पीएनबी के पूर्व प्रबंधक डॉ.सुबोध कुमार उपस्थित होकर उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय साक्षरता की जानकारियां दी। डॉ.सुबोध कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, सुकन्या पर विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताये। डीडीएम ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता लेकर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ उपस्थित सभी को सांत्वना पुरस्कार दिये।

### गरीब वृद्धों के बीच कंबल का वितरण



**बिहारशरीफ**। अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ के द्वारा नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले गरीब एवं असहाय वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए यह पहल प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में वृद्ध एवं कमजोर वर्ग के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चिन्हित जरूरतमंद वृद्धों को कंबल प्रदान किया गया। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आएं और जरूरतमंदों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय पर उन्हें मदद पहुंचाई जा सके।

### किसान पाठशाला आयोजित

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के पड़रिया गांव में बुधवार को किसान पाठशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में वितीय वर्ष 2025-2026 में कृषि विभाग आत्मा योजनांतर्गत रबी मौसम दलहनी (चना /मसूर) फसलों में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन का वितीय सत्र की जानकारी दी गई। अध्यक्षता बीएओ विवेक कुमार गौरव ने की। प्रशिक्षक के रुप में नामित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक त्रिलोकी पति नाथ व सहायक तकनीकी प्रबंधक चंदन कुमार ने मौसमी दलहनी के बारें में विस्तार पूर्वक जानकारी किसानों को दिया। कहा गया इस पाठशाला में फसल के विभिन्न अवधि /अवस्था के अनुसार कुल छह सत्रों में किया जाना है। किसान पाठशाला में एक हेक्टेयर में चना,मसूर का प्रत्यक्षण कराया जा रहा है। इसका संचालन सम्बंधित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,सहायक तकनीकी प्रबंधक के देखरेख में होता है। इस कार्यक्रम में एक किसान संचालक के रुप में होते हैं। किसानों को दलहन विषय पर एकीकृत पोषक तत्व के प्रबंधन के बारें में विस्तार से बताया गया, ताकि किसान इस तकनीक को अपना कर फसल लागत में कमी एवं उत्पादन में बढ़ोतरी करेंगे।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हिलसा–एकंगरसराय मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पटना में इलाज के दौरान मंगलवार देर रात मौत हो गई। घटना 23 दिसंबर की है, जब युवक हिलसा कोर्ट जा रहा था। मृतक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के कोरमा गांव निवासी मनोरंजन प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुजीत 23 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे बाइक से हिलसा कोर्ट एक मामले में समझौते के सिलसिले में जा रहा था। इसी दौरान रामभवन के समीप रेलवे फाटक के पास एक बोलेरो वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए पटना के एक निजी क्लिनिक में ले गए, जहां बीते एक सप्ताह से उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह परिजन शव को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। साथ ही हादसे में शामिल वाहन को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कौआकोल में पशु बांझपन शिविर आयोजित

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखण्ड के रानीबाजार गांव में बुधवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के द्वारा पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक पशुओं का इलाज कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। पशु चिकित्सकों ने बताया कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पशुओं में बढ़ते बांझपन रोग पर नियंत्रण और पशुपालकों को बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में पशुपालकों को ठंढ में अपने अपने पशुओं को मौसमी रोग से बचाव की सलाह भी दी गई एवं वर्तमान मौसम में उनके रखरखाव की भी जानकारी दी गई। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आशीष कुमार वर्मा,संतोष कुमार, आलोक, प्रीतम, पुरुषोत्तम, प्रियांशु, सुधीर आदि मौजूद थे।

# लंबित राशन कार्ड मामलों पर डीएम सख्त

## आपूर्ति विभाग की कार्यप्रगति की समीक्षा,



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों की स्थिति, राशन कार्ड निर्माण व टैगिंग तथा जन वितरण प्रणाली की दुकानों के पीडीएस परख ऐप के माध्यम से निरीक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

राशन कार्ड निर्माण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि प्रपत्र 'क' एवं 'ख' के तहत कुल 1,92,296 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1,88,234 राशन कार्ड का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 4,162 आवेदन अभी शेष हैं। इनमें से 88 आवेदन ऐसे पाए गए जो निर्धारित समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। आंकड़ों के अनुसार बिहारशरीफ अनुमंडल में केवल 02, हिलसा अनुमंडल में 70 तथा राजगीर अनुमंडल में 16 राशन कार्ड के आवेदन लंबित हैं। इस स्थिति पर जिला पदाधिकारी ने खेद व्यक्त किया। डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण से संबंधित प्राप्त शत-प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन निर्धारित अवधि के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में समय सीमा के बाद आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए और इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी नालंदा, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम नालंदा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम आवास सूची के भौतिक सत्यापन में राशि वसूलने का आरोप

**कौआकोल (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने पीएम आवास योजना के सर्वे सूची का भौतिक सत्यापन में पंचायत सचिव द्वारा धांधली करने एवं सत्यापन के नाम पर तीन हजार से पांच हजार रुपये की वसूली करने का आरोप लगाते हुए वरीय अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बीते मार्च महीना में सर्वे किया गया था। सर्वे के दौरान जिन पात्र लाभुक का नाम उस सर्वे में जोड़ा गया,उसका भौतिक सत्यापन अभी चेकर यानि नावाडीह के पंचायत सचिव वरुण कुमार के द्वारा चल रहा है। जहां भौतिक सत्यापन के नाम पर पात्र लाभुकों से उनके द्वारा बहाल किए गए दलालों के द्वारा 3000 से 5000 रुपये की मांग की जा रही है।

# एमएलसी ने लोगों से मिलकर सुनीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह एमएलसी नीरज कुमार ने पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक भवन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। सबसे पहले उन्होंने बिहार केसरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। धमौल के सतीश अग्रवाल सहित अन्य ने धमौल मध्य विद्यालय को उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड करने की मांग की। पकरीबरावां के लोगों ने पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। पकरीबरावां को रेलखंड से जोड़ने, पकरीबरावां को नगर पंचायत बनाने आदि की मांग उठाई। पकरीबरावां बाजार को जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास की मांग की गई। इसके साथ ही छात्रावास, राजस्व कर्मचारियों की मनमानी आदि मुद्दा भी सामने आया। इस दौरान एमएलसी ने कहा कि बिहार में लोगों के सोच में बदलाव हुआ है। अब लोग केवल विकास की बात करते हैं। कहा कि हमारी सरकार ने बिहार का चतुर्दिक विकास किया है। उन्होंने कहा कि हरेक प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज खोला जाएगा। इस बीच लोगों ने एमएलसी का पुरजोर स्वागत किया। इस अवसर पर जदयू नेता दीपक कुमार मुन्ना, राजीव कुमार नीरज कुमार राकेश, संतोष कुमार सिन्हा, जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष नवलेश कुमार राकेश, दिलीप सिंह, आसो पासवान, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक मेहता, मनोज साव, मुकेश सिंह, अभय सिंह, उपेन्द्र शर्मा, राजेश कुशवाहा, भरत पासवान, रामनंदन सिंह, साधु यादव, प्रमोद मिश्रा प्रमोद चंद्रवंशी, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# मायके में विवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। धमौल थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में रामबालक रविदास की 26 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी की मौत मायके में हो गई। चर्चा है कि उसने आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि मृतका की मां मीरा देवी के आवेदन पर यूडी केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन में किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस इस मामले में विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार नेहा की शादी वर्ष 2022 में शेखपुरा जिले के सोहदी गांव निवासी जोगी रविदास के पुत्र आशीष कुमार से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लगा, जिससे मृतका मायके में रहने लगी और पति ने न्यायालय में तलाक लेने को लेकर अर्जी दाखिल कर दिया। चर्चा है कि न्यायालय में तलाक का मामले की जानकारी मिलने के बाद मृतका मानसिक रूप से परेशान हो गई और जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात्रि सोने के समय जहर खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# प्रत्येक प्रखंड में खोला जाएगा एक-एक डिग्री कॉलेज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सभी प्रखंडों में एक-एक डिग्री कॉलेज होंगे। इसके लिए जांच की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नगरनौसा स्थित गौतमबुद्ध महाविद्यालय व अस्थावां के मालती स्थित डॉ. अर्जुन प्रसाद सिन्हा डिग्री कॉलेज का मंगलवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की टीम ने जांच किया। जांच टीम में शामिल कॉलेज इंस्पेक्टर कृष्णनंदन प्रसाद ने कहा कि नई शिक्षा नीति बहुत ही उपयोगी है। आने वाले समय में इसकी सार्थकता दिखेगी। अब सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाने हैं। इस अवसर पर प्रो. राजीव रंजन ने कहा कि इसके लिए कॉलेजों ने आवेदन देना शुरू किया है। आवेदन मिलने पर कॉलेजों में उपलब्ध शैक्षणिक माहौल, प्रयोगशाला, कर्मियों की संख्या, भवनों की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है। डीन कमल बौद्ध ने कहा कि इस पूरी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेजी जाएगी और इसके बाद सब कुछ मानक के अनुसार पाए जाने पर उस कॉलेज को संबद्धता (एफिलिएशन) मिल सकता है। आगे डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि इससे युवा उच्च शिक्षा आसानी से ले सकेंगे। मौजूदा समय में पैसों की कमी व दूरी के कारण गरीब घरों के बच्चे डिग्री तक की पढ़ाई नहीं कर पाते थे। वैसे लोगों को काफी सुविधा होगी। इस टीम में कॉलेज इंस्पेक्टर कृष्णानंदन प्रसाद, प्रो. राजीव रंजन, डीन कमल बौद्ध व डॉ. अखिलेश कुमार शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में चाचा-भतीजे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के देवधा गांव के समीप एनएच-20 पर सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के पावा गांव निवासी बृजनंदन सिंह के पुत्र (41) मिथिलेश कुमार एवं सुधीर प्रसाद के पुत्र (39) कमलनयन के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक मिथिलेश कुमार के चाचा सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मिथिलेश और कमलनयन दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से बिहारशरीफ जा रहे थे। इसी दौरान देवधा गांव के पास छड़ लदे हाइवा (ट्रेलर) ने बाइक को कुचल दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मिथिलेश कुमार और कमलनयन आर-आर सिग्नेचर कंपनी में कार्यरत थे।

कमलनयन एरिया सेल्स मैनेजर, जबकि मिथिलेश कुमार फील्ड एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्य कर रहे थे। दोनों के असमय निधन से परिजनों में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मॉडल अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया, जब यह सूचना फैली कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। हालांकि, बाद में पुलिस ने स्पष्ट किया कि ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में दीपनगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है। वाहन नंबर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन प्राप्त होने के बाद

### डीएसपी ने किया कतरीसराय थाना का औचक निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को कतरीसराय थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर एवं भवन की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा थाने में संधारित विभिन्न अभिलेखों और पंजियों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में डीएसपी ने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा वैज्ञानिक पद्धति से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण किया जाए। डीएसपी ने मालखाना का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने जब्त सामग्री के संधारण एवं अभिलेखीकरण की स्थिति की जांच की।

### यात्री बस से शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र स्थित चितरकोली समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम सघन वाहन जांच के दौरान टीम ने एक यात्री बस से दो बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा चौबीसों घंटे वाहनों की सघन तलाशी ली जाती है। इसी क्रम में, उत्पाद अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की जा रही जांच के दौरान एक यात्री बस को रोका गया। बस की तलाशी लेने पर एक युवक के पास से रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की बरामद 750 एमएल की 2 बोतलें बरामद किया गया है। फलस्वरूप युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चन्दन कुमार राय पिता अर्जुन राय उम्र लगभग 25 वर्ष के रूप में हुई है। वह समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना अंतर्गत हलई गांव का निवासी है।

# मोबाइल चिकित्सा वैन से ग्रामीण पशुपालक को मिल रहा लाभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखंड में पशु एवं मत्स्य विभाग द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट सेवा के द्वारा विभिन्न पंचायतों में घूम घूमकर बीमार पशुओं का इलाज किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए वैन मेडिकल टीम के पशु चिकित्सक डॉ० आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि टीम के सदस्य प्रीतम कुमार एवं वाहन चालक सुधीर कुमार के सहयोग से पशुपालकों के घर घर जाकर उनके मवेशियों का ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालकों की सुविधा के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। जिसके तहत वे अपनी मोबाइल से टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल कर इसका उपयोग कर सकते है। इसके तहत पशुओं के बीमार पड़ने पर पशुपालकों के द्वार तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु वैन एक मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा है। जो आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों से सुसज्जित है। इसमें प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण, रोग परीक्षण और परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस वैन से पशुपालकों को उनका समय और यात्रा दोनों खर्च का बचत हो रहा है। साथ ही वैन के जरिए पशुपालकों को पशुओं की देखभाल,पौष्टिक आहार और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी भी दी जा रही है।

# नेत्र जांच शिविर में 12 मोतियाबिंद मरीजों की हुई पहचान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के तरौन गांव अवस्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के पहल व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौआकोल की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों को आंखों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार के द्वारा कुल 52 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 12 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। वहीं कई मरीज नेत्र संबंधित अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित पाये गये। इस दौरान मौके पर ही मरीजों को निःशुल्क आई ड्रॉप और जरूरी दवाइयां वितरित की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि शिविर के माध्यम से दवा के अलावे जरूरत पड़ने पर 15 दिनों के भीतर मरीजों को मुफ्त चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी मरीज को ऑपरेशन की आवश्यकता होगी तो पीएचसी द्वारा उनका ऑपरेशन भी पूरी तरह निःशुल्क किया जायेगा।

# क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि अनुशासन और मेहनत का प्रतीक : पैक्स अध्यक्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। स्वर्गीय पंकज सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया, जिसमें रातोई और कौआकोल की टीमें आमने–सामने हुईं। रोमांचक मुकाबले में कौवाकोल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मैच में कौवाकोल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रतोई की टीम को बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रतोई की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 153 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कौवाकोल की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मात्र दो विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कौआकोल के कप्तान जितेंद्र ने शानदार नाबाद 123 रन की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रातोई टीम के खिलाड़ी चांद को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इसके अलावा रतोई टीम के सनी मिस्त्री ने मात्र 8 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को विधायक विनीता मेहता ने ट्रॉफी प्रदान की, जबकि उपविजेता टीम के कप्तान को मंडरा पैक्स अध्यक्ष नीतू कुमारी ने ट्रॉफी दी। पैक्स अध्यक्ष ने कहा क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि अनुशासन और मेहनत का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाएं सामने आती हैं। समारोह में ग्रामीण भी मौजूद थे, जिन्होंने आयोजन को उत्साहपूर्ण बनाया। मैच का सफल संचालन कमेंटेटर के रूप में सुमन सौरव एवं उज्वल कांत ने किया। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार चुनु, देबजीत, अनिरुद्ध सिंह, दीपचंद, सरपंच प्रमोद पाण्डेय, मुखिया शैलेन्द्र महतो, सुमित सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# अनुश्रवण समिति की बैठक में शिक्षा, पोषण व राशन व्यवस्था की पोल खुली



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बुधवार को अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने की। बैठक में पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के साथ-साथ शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं जन वितरण प्रणाली से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति सदस्यों ने हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं होने, तकनीशियनों की कमी के कारण अल्ट्रासाउंड सेवा के ठप रहने और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। वहीं स्टेशन रोड स्थित एक राशन दुकान पर शंकर नामक व्यक्ति द्वारा उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवाकर राशन वितरण में टालमटोल करने की शिकायत सामने आई। इसके अलावा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन नहीं दिए जाने, अधिकांश राशन दुकानों के लंबे समय तक बंद रहने और खुलने पर अत्यधिक भीड़ की समस्या पर भी सवाल उठे। बैठक में कोनीयापर स्थित जर्जर विद्यालय भवन के स्थान पर नए भवन निर्माण की मांग तथा गैस आपूर्ति करने वाले वेंडरों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायतें भी रखी गईं। मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ अमित कुमार पटेल ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े विषयों में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतों की अविलंब जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश रंजन सहित नवल यादव, भरत शर्मा, दिलीप कुमार सिन्हा, बालेश्वर पासवान, नंदलाल पासवान, अर्जुन विश्वकर्मा, शशि कुमार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

सं. **M/321/SupplyInstallationTesting/VSS & AMC/Tender/2025, दिनांक 30.12.2025.** मंडल रेल प्रबंधक/यांत्रिक/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–खुली निविदा **ई–निविदा सूचना सं: (सीडब्ल्यु–सोनपुर–20-2025)** आमंत्रित करते है जिसका विवरण निम्न है। **कार्य का नाम एवं स्थान:** Supply, Installation, testing and commissioning of IP based Video Surveillance System (VSS) and Comprehensive Annual Maintenance Contract for IP Based Video Surveillance System (VSS) IN Coaches as per RDSO Spec. RDSO/SPN/TC/106/2025. Version 3.1 in Sonpur Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 12,55,99,937.50/- (रु० बारह करोड़ पचपन लाख निनानवे हजार नौ सौ सैतीस और पचास पैसा मात्र)। **अग्रिम राशि देय:** ₹ 7,78,000.00/- (रु० सात लाख अठत्तर हजार मात्र)। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 20.01.2026 को 13.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि एवं समय 20.01.2026 को 13.00 बजे के बाद। **वेवसाइट का विवरण एवं ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: https://www.ireps.gov.in.** रेलवे प्रकाशन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन बिना कारण बताये हुए करने का अधिकार सुरक्षित है।

मंयांई/टी.एस–II
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/1542/एसईई/टी/25–26/44

## एक नजर

### छह हजार लीटर जावा महुआ नष्ट

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। थानाध्यक्ष इमरान आलम के नेतृत्व में छापेमारी कर अवैध शराब की भट्टियों को ध्वस्त एवं शराब कारोबार से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने मंगलवार की रात्रि थाना क्षेत्र के मुड़ीला, बेलदास, कुशही, हनेया, पिपरा बगाही और बरवाडीह गांव में छापेमारी कर छह हजार लीटर जावा महुआ नष्ट किया। वहीं गोवास गांव निवासी सुदामा पासवान को उसके घर से चार लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुटुंबा पश्चिम बाजार रविदास टोला के समीप झाड़ी में रखी हुई 45 लीटर लावारिस महुआ निर्मित शराब तथा कुशही गांव निवासी पिंटू रविदास के घर से 100 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाज पिंटू रविदास फरार हो गया। उसके घर से शराब बनाने की सामग्री एवं उपकरण बरामद हुए हैं। संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब सहित धंधेबाज हुआ गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के धुसरी गांव से 145 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज अनुज चौधरी धुसरी व अरविंद कुमार टनकुपा थानाक्षेत्र गया को हसपुरा पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि धंधेबाज धुसरी गांव में महुआ का शराब चुलाने की काम में लिप्त था। जैसे ही जानकारी मिली पुलिस धुसरी गांव पहुंची और शराब बनाने का बर्तन सहित 145 लीटर देशी शराब जब्त करते हुए धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया गिरफ्तार दोनों धंधेबाज को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### चोरी की बैटरी के साथ चोर गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टेहटा थाना की पुलिस ने चोरी की बैटरी के साथ एक चोर गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व टेहटा थाना में आवेदन मिला था जिसमे बताया गया था कि उनके बैटरी वाले टोटो गाड़ी से 5 बैट्री की चोरी हो गई है। वही इस केश के अनुसंधानकर्ता मोहम्मद यूनुस को गुप्त सूचना मिली के चक ढोंढा गांव निवासी दिलीप कुमार अपनी टोटो गाड़ी में चोरी वाला बैटरी लगाकर चला रहा है। जिसके बाद अनुसंधानकर्ता द्वारा उक्त वाहन को रोक कर जांच पड़ताल किया गया, जिसके बाद दिलीप कुमार ने स्वीकार किया की वे पांचो बैटरी चोरी करके अपने गाड़ी में लगाकर चला रहा है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा (बढ़ई) के जिलाध्यक्ष चुनाव में रामप्रसाद विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के ऐतिहासिक उमगा पहाड़ पर बुधवार को प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा (बढ़ई) के जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस चुनाव में पूर्व जिला परिषद सदस्य स्व. शशिभूषण शर्मा के पिता, पूर्व सरपंच रामप्रसाद शर्मा को जिलाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिनमें सोनू शर्मा, दीपक शर्मा, सतीश शर्मा एवं रामप्रसाद शर्मा शामिल थे। मतदान प्रक्रिया के बाद हुई मतगणना में रामप्रसाद शर्मा को 311 वोट अधिक प्राप्त हुए, जिसके साथ उन्होंने निर्णायक जीत दर्ज की। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण था। उन्होंने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि रामप्रसाद शर्मा के अनुभव और समाजसेवा से संगठन को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने और शिक्षा राजनीत व रोजगार के क्षेत्र में ठोस पहल करने पर जोर दिया। स्व. शशिभूषण शर्मा की पत्नी देव के जिला परिषद सदस्य फूलन देवी ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए एकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि रामप्रसाद शर्मा के नेतृत्व में समाज की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा और संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएगा। जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश शर्मा ने चुनाव को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत समाज के विश्वास की जीत है और आने वाले समय में संगठन सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक मुद्दों पर प्रभावी कार्य करेगा। कार्यक्रम में सत्यनारायण शर्मा, हरेंद्र शर्मा, तेजनारायण शर्मा, रितेश शर्मा (सचिव) सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में रामप्रसाद शर्मा ने सभी मतदाताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और समाज के हित में लगातार काम करते रहेंगे।

### 2 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में लगेगा जनता दरबार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के कोटवारा पंचायत अंतर्गत गोठानी ग्राम में जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत कर विश्वास और अपनापन व्यक्त किया। जनसंवाद के क्रम में ग्रामीणों ने बिजली के खंभे को लेकर उत्पन्न विवाद की जानकारी दी, जिस पर विधायक ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से तत्काल बातचीत की और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान उनकी प्राथमिकता है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने घोषणा की कि आगामी 2 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा, जहां आम लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने युवाओं के लिए युवा क्लब के गठन की बात कही, जिसके माध्यम से रोजगार से जुड़े अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता वर्ष 2025 से 2030 के बीच बिहार में एक करोड़ रोजगार उपलब्ध कराना है। शिक्षा, रोजगार, बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों की जागरूकता, जनसरोकारों के प्रति सक्रिय सहभागिता और सहयोग की सराहना की। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, प्रो. संतोष कुमार सिंह, रामलयक सिंह, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, ललन सिंह, अनिल सिंह, पूर्व मुखिया भोला चौधरी, नरेश सिंह, सुधीर सिंह, अभिषेक कुमार, मुकेश सिंह, रामपुर सिंह, राम उदय सिंह, प्रवीण सिंह, ब्रजेश सिंह, रामनिवास सिंह, सीटू कुमार, गौतम सिंह, विकास कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के आयोजन में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला वरीय निलगिरी सदन व वरीय शिवालिक सदन के बीच खेला गया जिसमें वरीय शिवालिक सदन विजेता रहा। विजेता टीम में निशांत, रोहित, एमडी गुलाम, अविनाश, रोहित अभय, देव, सूरज, रविकांत व अविनाश ने शानदार प्रदर्शन किया। वही उपविजेता टीम में नीलगिरी सदन की तरफ से नीतीश, निखिल, विभु किसलय कुमार, कृष, प्रियरंजन, अजीत, सचिन, लड्डू, निशांत, आदित्य रहे। मैच में अंपायर की भूमिका रितेश व सौरव ने निभाई। मैच के संचालक की भूमिका शारीरिक शिक्षकों रीता गौर व दिवाकर सिंह यादव ने निभाई।

# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत, एक की हालत गंभीर

**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर कड़ौना के पास दुर्घटना**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** डोभी- पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर कड़ौना थाना क्षेत्र अंतर्गत कड़ौना पुलिस स्टेशन से कुछ दूरी पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मसौढ़ी थाना क्षेत्र के धनौती गांव निवासी दीपू कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से जहानाबाद आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्र सड़क पर दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपू कुमार और धनंजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल तीसरे छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कड़ौना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने ट्रक की पहचान कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही मृत छात्रों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।

# आर्म्स एक्ट सहित अन्य अपराधों में 21 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 21 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपित हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। आर्म्स में 1, एनडीपीएस एक्ट में 1, हत्या के शीर्ष में 4, शराब कांड में 12 एवं अन्य शीर्ष कांड में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 366 लीटर देसी एवं 45 लीटर विदेशी शराब, देसी कट्टा 1, जिदा कारतूस 4, कार 1, ट्रैक्टर 1, बाइक 2, बालू 100 सीएफटी बरामद किया गया है। छह हजार महुआ घोल विनिष्ट किया गया है तथा 46 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1445 वाहनों की जांच की गई जिसमें 131000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार औरंगाबाद पुलिस की यह व्यापक और बहुआयामी कार्रवाई अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से प्रदेश को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने जनता दरबार में सुनीं फरियादें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा हसपुरा थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सीधे सुनीं। फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामले सबसे अधिक छाए रहे। इन मामलों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों को काफी लाभ होगा और थाना स्तर पर ही मामलों का त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि महिलाओं, किशोरियों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत अलग-अलग थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी अशोक दास, हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।




# वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का औरंगाबाद में स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा संग्रहालय स्मृति पार्क से शुरू हुई वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन में शामिल दो एनसीसी अधिकारी, दो कर्मचारी एवं 16 एनसीसी कैडेट्स साइकिल से नई दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी कैडेट्स से मुलाकात कर हौसला अफजाई करेंगे। रांची से नई दिल्ली तक लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय करने के क्रम में बुधवार को सभी एनसीसी कैडेट्स का औरंगाबाद में 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के सीओ कर्नल प्रदीप कुमार तकशक के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। सीओ ने कहा कि 28 दिसंबर 2025 को रांची से प्रारंभ हुई यह वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन लगभग 20 दिनों में साइकिल से यात्रा करते हुए झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से होकर गुजरते हुए 16 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली पहुंचेगा। ये सभी कैडेट्स देशभर में एकता, अनुशासन और साहस का संदेश देंगे। साथ ही वीर बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से लोगों को अवगत कराया जाएगा। कर्नल अनिल कुमार ने बताया कि एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के नेतृत्व में आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन केवल एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि इतिहास, प्रेरणा और राष्ट्रसेवा से जुड़ा एक व्यापक अभियान है। 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' थीम पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य महान जनजातीय नायक धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनको सम्मान देना और युवाओं में देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करना है। मौके पर एनसीसी अधिकारी पी बी शर्मा, सिन्हा कॉलेज के प्रबंधक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भीम बहादुर सिहं, लेखापाल मनोज कुमार सिह आदि मौजूद रहे।



# बाल सुरक्षा की दिशा में जहानाबाद के लिए बेहतरीन रहा साल 2025

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बाल सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में जहानाबाद जिला के लिए 2025 एक बेहतरीन साल रहा जहां जिला प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए नागरिक समाज संगठन तटवासी समाज न्यास ने 498 बच्चों को बाल विवाह व ट्रैफिकिंग से बचाया। इनमें से 434 बच्चों को बाल विवाह से बचाया गया जबकि 64 बच्चों को ट्रैफिकिंग यानी बाल दुर्व्यापार से मुक्त कराया गया। जैसा कि ज्ञात हो तटवासी समाज न्यास ने देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन बाल अधिकारों की सुरक्षा व बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहे हैं। बताया गया कि बचाव, सुरक्षा व अभियोजन की रणनीति पर अमल करते हुए इस नेटवर्क ने 1 जनवरी 2025 से अब तक देश भर में 1,98,628 बाल विवाह रोके हैं। इसके अलावा, इसी दौरान देश भर से कुल 55,146 बच्चों को ट्रैफिकिंग से मुक्त कराया गया जिनमें 40,830 लड़के व 14,316 लड़कियां थीं। इसके अलावा बच्चों की ट्रैफिकिंग के 42,217 मामले दर्ज कराए गए। इन समन्वित कार्रवाइयों के नतीजे व असर के बाबत तटवासी समाज न्यास के निदेशक ने कहा, "बाल सुरक्षा की दिशा में यह एक ऐतिहासिक साल रहा। जिला प्रशासन, पुलिस, ग्राम पंचायतों और शिक्षकों के साथ मिलकर हमने जमीन पर जो किया है, उससे आए बदलाव और नतीजे देखे जा सकते हैं। बच्चे समाज के सबसे संवेदनशील अंग हैं और हमें ये याद रखना चाहिए कि ट्रैफिकिंग के पीड़ित बच्चों को मुक्त कराना सिर्फ पहला कदम है। अगर हमें गरीबी, बाल मजदूरी और बाल विवाह के दुष्चक्र को तोड़ना है तो इसके लिए पुनर्वास, बच्चों का वापस स्कूलों में दाखिला और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील परिवारों की सहायता आवश्यक है।" देश भर में फैले जेआरसी के सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर तटवासी समाज न्यास 2030 तक भारत से बाल विवाह के खात्मे, बाल मजदूरी, बाल विवाह या बाल वेश्यावृत्ति के इरादे से दूसरे जिलों व राज्यों में ले जाए गए बच्चों की पहचान व उन्हें मुक्त कराने के लिए जमीन पर काम कर रहा है। यह नेटवर्क रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सहित सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करता है और नेटवर्क का विस्तार व इसकी पहुंच बच्चों को मुक्त कराने के लिए समय रहते हस्तक्षेप को आसान बनाती है। न्यास के निदेशक ने जोर देकर कहा कि अगर सभी धर्मों का पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराना बंद कर दे तो यह कुप्रथा अपने आप बंद हो जाएगी। इसलिए सभी धर्मों के तीन लाख से ज्यादा धार्मिक नेताओं को इस अभियान से जोड़ा गया है जो लोगों तक यह संदेश पहुंचा रहे हैं कि बाल विवाह गैरकानूनी है और कोई भी धर्म इसकी मंजूरी नहीं देता। जिले में तमाम धार्मिक स्थलों ने बोर्ड लगाए हैं कि इस धार्मिक परिसर में बाल विवाह की स्वीकृति नहीं है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' के तहत केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के साथ समन्वय के साथ तटवासी समाज न्यास विवाह समारोहों में सेवाएं देने वालों और इसकी रोकथाम में अहम कड़ी जैसे टेंट वालों, बैंड वालों, दर्जियों, सजावट करने वालों व कैटरर्स के साथ बैठकें कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं।




# कुटकु डैम पर निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर किसानों में नाराजगी

**उत्तर कोयल नहर चालू करने की मांग पर रफीगंज में धरना-प्रदर्शन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कुटकु डैम पर उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर किसानों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उत्तर कोयल नहर को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर रफीगंज प्रखंड मुख्यालय पर किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के प्रति रोष जताया। किसान मजदूर मोर्चा मगध की ओर से गठित एक टीम ने हाल ही में कुटकु डैम पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। मोर्चा से जुड़े लड़ूखां, डॉ. तुलसी यादव, सिद्धी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, चंद्रशेखर यादव, संतोष गिरी, अनिल सिंह, सचिव सहित अन्य किसानों ने बताया कि कोयल नहर को चालू कराने के लिए तेज गति से निर्माण कार्य होने की जानकारी दी जा रही थी, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग पाई गई। किसानों ने बताया कि 29 दिसंबर को 60 सदस्यीय टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान डैम से केवल चार फाटक अलग रखे हुए पाए गए, जबकि शेष निर्माण कार्य यथावत पड़ा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। किसानों ने मांग की कि शीघ्र फाटक लगाकर नहर में पानी लाया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना औरंगाबाद एवं गया जिले के असिंचित भू-भाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब तक इस परियोजना का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचेगा, तब तक क्षेत्र के किसानों की खुशहाली संभव नहीं है। इस अवसर पर भीम बिहारी विश्वकर्मा, सिद्धि यादव, महेश यादव, दीपक यादव, विष्णुदेव यादव, कामेश्वर सिंह, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एस. जलजा मार्केट मोहल्ले का नामकरण, विधायक पप्पू वर्मा ने किया शिलापट्ट का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार स्थित एस. जलजा मार्केट मोहल्ले में शुक्रवार को नामकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुर्था विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक पप्पू वर्मा ने शिलापट्ट का अनावरण कर मोहल्ले के नाम का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर मोहल्ले का नया नाम "नूतन नगर" घोषित किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। लोकार्पण के बाद डॉ. राम जतन सिंह के नेतृत्व में विधायक सहित अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्पहार और पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए विधायक पप्पू वर्मा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वे भले ही विधायक बने हों, लेकिन आज भी स्वयं को एक साधारण कार्यकर्ता ही मानते हैं। विधायक ने कहा कि वे पूर्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता के रूप में कई बार हसपुरा क्षेत्र में आते रहे हैं। परिस्थितियों में परिवर्तन के बाद माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू का प्रतीक देकर कुर्था विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा। जनता ने विकास पुरुष नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें विधानसभा भेजने का कार्य किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, विजय अकेला, महिपाल सिंह, डॉ. अश्वनी कुमार आर्य, संजीत शर्मा, रविंद्र सिंह, श्रीकांत वर्मा, चंद्रकांत 'मुन्ना', देवनारायण यादव, राकेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मशरूम उत्पादन तकनीक का दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला उद्यान कार्यालय जहानाबाद के द्वारा संयुक्त कृषि भवन काको रोड, जहानाबाद के सभागार में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला उद्यान पदाधिकारी- रूपेश कुमार अग्रवाल, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण- अजय कुमार एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा-राकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षक के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने मशरूम उत्पादन तकनीक, मशरूम के उचित प्रभेद आदि के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षकों में इंदु कुमारी भी मौजूद थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आरोग्यम मशरूम दौलतपुर, जहानाबाद के यहाँ किसानों का परिभ्रमण करवाया गया। मौके पर प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी- अनिरुद्ध कुमार, संजीव कुमार के अलावा किसानों में सौरव कुमार, उमेश प्रसाद, गुड्डू कुमार, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

# 2025 बैच के आइएएस प्रशिक्षुओं के लिए ऐतिहासिक रहा जहानाबाद भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** शीतकालीन अध्ययन भ्रमण के क्रम में, वर्ष 2025 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के ग्रुप-8 के 11 प्रशिक्षु अधिकारियों का आगमन जहानाबाद में हुआ। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने भ्रमण की शुरुआत विश्व प्रसिद्ध बराबर की पहाड़ियों से की। मौर्यकालीन वास्तुकला की अद्भुत मिसाल इन गुफाओं की बारीकियों और पत्थरों पर की गई उत्कृष्ट नक्काशी को देखकर सभी अधिकारी मंत्रमुग्ध नजर आए। उन्होंने भारत की इस प्राचीन पुरातात्विक विरासत को करीब से समझा और उसकी सराहना की। भ्रमण के उपरांत जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने सभी युवा अधिकारियों से आत्मीय वार्तालाप किया। वार्तालाप के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं विकास योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी ने युवा अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

ई-निविदा सं. 222_2025-26 जिसे मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में आमंत्रित किया गया था, को एतद्द्वारा **निरस्त** किया जाता है। HWH-500/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला नजारत शाखा)

अल्पकालीन निविदा

सूर्य महोत्सव देव, 2026 दिनांक–25, 26 एवं 27 जनवरी 2026 को मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण एवं कार्य आवंटन हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में अंतिम तिथि दिनांक–**12.01.2026** को अपराह्न **03:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा जिला नजारत शाखा, औरंगाबाद समाहरणालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक–**12.01.2026** को अपराह्न **03:30** बजे समाहरणालय सभा कक्ष में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। विस्तृत निविदा जिला के वेबसाईट Aurangabad.bih.nic.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 020765 (District) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

संपादकीय

# सरकारी छुट्टियों की खैरात

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी 2026 के कैलेंडर का लुब्बो लुआब इतना है कि इसमें सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कम करने की जगह और बढ़ा दी गई हैं तथा इनका कर्मचारियों के परफार्मेंस और जवाबदेही से कोई लेना देना नहीं है। जो कैलेंडर जारी हुआ है, उसके मुताबिक राज्य सरकारी दफ्तर कुल 365 में से 127 दिन तक बंद रहेंगे। यानी अगले साल दफ्तर कुल 238 दिन ही खुलेंगे। जबकि कर्मचारियों को 127 दिनों का अवकाश मिलेगा। इन छुट्टियों में 52 शनिवार, 52 रविवार और 23 सार्वजनिक अवकाश शामिल हैं। कर्मचारियों के लिए 5 डेज वर्किंग की व्यवस्था यथावत रहेगी। यह व्यवस्था कोरोना काल में लागू की गई थी, लेकिन कोरोना खत्म हुए अब पांच साल हो रहे हैं, लेकिन छुट्टियां बरकरार हैं। बताया जाता है कि इस बार सरकार ने ड्यूटी आवर बढ़ना तय किया था, लेकिन इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन सकी। सरकारी दफ्तरों में छुट्टियों की मौज और नगण्य आउट पुट को लेकर अक्सर बहस होती है। कई बार कहा गया कि सरकारी दफ्तरों में इतनी छुट्टियां भारत जैसे देश में भी सहन की जाती हैं। जबकि कर्मचारियों को तनख्वाह के रूप में मिलने वाला पैसा जनता का ही होता है। वही जनता काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाती रहती है। क्योंकि ज्यादातर समय सरकारी दफ्तर छुट्टियों के कारण बंद ही रहते हैं। लिहाजा सरकारी दफ्तरों में छुट्टियां कम करने की मांग अक्सर उठती रहती है। लेकिन व्यवहार में कुछ नहीं होता। आलम यह है कि छुट्टियां घटाने की जगह अगले साल एक छुट्टी का इजाफा और कर दिया गया है। सरकार ने इस बार गणेश चतुर्थी (14 सितंबर) को भी सार्वजनिक अवकाश की सूची में शामिल किया है, जिससे कुल सार्वजनिक छुट्टियों की संख्या 23 हो गई है। सार्वजनिक छुट्टियों के अलावा सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली व्यक्तिगत छुट्टियों की तो भरमार है। मसलन कैलेंडर में कर्मचारियों को 62 ऐच्छिक अवकाशों की एक लंबी सूची भी दी गई है, जिसमें से वे अपनी सुविधानुसार किन्हीं तीन छुट्टियों का चुनाव कर सकते हैं। छुट्टी प्रेमी सरकारी कर्मचारियों के लिए दुख की बात इतनी है कि वर्ष 2026 में 6 सरकारी छुट्टियां शनिवार रविवार 'खा' गए हैं। गौरतलब है कि सरकार ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1977 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं, जो 1 जनवरी, 2026 से लागू होंगे। इन बदलावों का सीधा असर कर्मचारियों पर पड़ेगा। इसके तहत महिला कर्मचारियों को मिलने वाले 730 दिनों के संतान पालन अवकाश के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। अब अवकाश के पहले 365 दिनों के लिए पूरा वेतन मिलेगा, लेकिन दूसरे 365 दिनों के लिए केवल 80 प्रतिशत वेतन का ही भुगतान किया जाएगा। यह अवकाश 18 वर्ष तक की संतान के लिए स्वीकृत होगा। एक कैलेंडर वर्ष में कोई भी कर्मचारी तीन बार से अधिक संतान पालन अवकाश नहीं ले सकेगा। हालांकि, एकल महिला (सिंगल मदर) कर्मचारियों को विशेष छूट देते हुए एक कैलेंडर वर्ष में छह बार तक यह अवकाश लेने की पात्रता दी गई है। पहली बार प्रदेश के साढ़े चार लाख से अधिक शिक्षकों को अब वर्ष में दस दिन के अर्जित अवकाश की पात्रता होगी, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। लेकिन जो बात जनता के हित में नहीं कही जा सकती, वह है छुट्टियां कम नहीं करना और न ही कार्यदिवस में काम के घंटे नहीं बढ़ाना। हफ्ते में पांच दिन काम की व्यवस्था जारी रहेगी। यह व्यवस्था केन्द्र सरकार में भी है, लेकिन वहां काम के घंटे ज्यादा और सुपरिभाषित हैं। जबकि कहा जा रहा है कि नए नियम केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के नियमों के समान ही हैं। बगैर जवाबदेही और परफार्मेंस के छुट्टियां बढ़ाते रहना खैरात ही है।

# बिहार के लिए निर्णायक रहा वर्ष 2025



अभिषेक दास

बिहार ने वर्ष 2025 में विकास की नई इबारत लिखी है। चाहे सियासत की बिसात हो, खेल की बात हो या कला और संस्कृति की बात... यह वर्ष बिहार के लिए पुनर्जागरण का वर्ष रहा है। वर्ष 2025 बिहार के लिए राजनैतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण रहा। इस साल राज्य ने विधानसभा चुनाव के दौर को देखा, जिसने बिहार की सत्ता और विपक्ष दोनों को नई दिशा दी। इस वर्ष हुए चुनावों में जनता ने विकास और सुशासन के प्रति अपना भरोसा जताया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने एक बार फिर वापसी की, जिसे राज्य में हो रहे विकास और महिला सशक्तिकरण की जीत माना गया। विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एन.डी.ए. ने 202 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल किया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को केवल 35 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। गौरतलब है कि नवम्बर महीने की 6 और 11 तारीख को हुए दो चरण के चुनावों में राज्य में 69 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था, जो बिहार में अबतक का एक रिकॉर्ड है। राज्य में तमाम विरोध के बावजूद मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह सफल रहा और यह एक मॉडल के रूप में उभरा। चुनाव आयोग बिहार के मॉडल के आधार पर कई अन्य राज्यों में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करवा रहा है।

वर्ष 2025 बिहार के विकास और प्रशासनिक सुधारों के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठित नई कैबिनेट ने ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिनका सीधा सकारात्मक प्रभाव राज्य की आम जनता और युवाओं के जीवन पर पड़ा है। इन फैसलों के केंद्र में रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और सुशासन रहा है। कैबिनेट की पहली ही बैठक में सरकार ने अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा। इस नए लक्ष्य को पूरा करने के लिए तीन नए विभागों-युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, और नागर विमानन विभाग का गठन किया गया, ताकि युवाओं को सीधे लाभ पहुँचाया जा सके। बिहार को ईस्टर्न इंडिया का टेक हब बनाने के लिए कैबिनेट ने कई बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी। सरकार ने राज्य में तकनीकी निवेश बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर पार्क और डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना का निर्णय लिया है। वहीं, किसानों की आय बढ़ाने के लिए पुरानी 9 बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करने और 25 नई मिलें खोलने की योजना बनाई गई है। चुनाव से पहले, सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिससे आम लोगों के जीवन पर सीधा असर देखने को मिला। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का प्रावधान किया, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत हुई। वहीं, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न पेंशन योजनाओं की राशि में बढ़ोतरी की। जून 2025 से कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रतिमाह कर दिया। इससे राज्य के करीब 1.12 करोड़ वृद्धों, विधवाओं और दिव्यांगों को आर्थिक मजबूती मिली है।

इसके अलावा, सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की है। योजना के तहत जीविका दीदियों को स्वरोजगार के लिए प्रथम किस्त के रूप में दस हजार रुपये की राशि दी गई है। साथ ही सरकार ने कहा है कि बेहतर काम करने वाली जीविका दीदियों को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा और ममता दीदियों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की। इसके अलावा विद्यालयों में कार्यरत मध्याह्न भोजन के रसोईयों और रात्रि प्रहरियों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गयी। वर्ष 2025 के ये फैसले दर्शाते हैं कि बिहार सरकार अब केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह न्यू एज इकोनॉमी और तकनीक आधारित शासन की ओर बढ़ रही है। 1 करोड़ रोजगार और बढ़ी हुई पेंशन जैसे कदमों ने आम आदमी के मन में भविष्य के प्रति एक नया विश्वास जगाया है।

वर्ष 2025 में सामाजिक और आर्थिक विकास की समावेशी प्रगति केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी देखने को मिला। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार की विकास दर 8 दशमलव छह-चार प्रतिशत रही। राज्य की अर्थव्यवस्था 4 दशमलव 89 लाख करोड़ से बढ़कर 5 दशमलव 31 लाख करोड़ रुपये की हो गई है। साथ ही निर्माण और सेवा क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। उम्मीद है कि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद जल्द ही 10 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा। बिहार अब केवल कृषि पर निर्भर नहीं है बल्कि औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में एथेनॉल उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारी निवेश हुआ है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षा के लिए सरकार ने 60,964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, जो किसी भी अन्य विभाग से अधिक है। इससे शिक्षकों की नई नियुक्तियां और स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। राज्य ने वर्ष 2025 में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। पटना में महिला हाट की स्थापना और सभी जिलों में पिंक टॉयलेट्स और पिंक बस सेवा की शुरुआत हुई। राज्य ने 30 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। वर्ष 2025 को बिहार के लिए खेलों का वर्ष कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। इस साल बिहार ने वह कर दिखाया, जिसकी कल्पना एक दशक पहले नामुमकिन लगती थी। बिहार ने पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सफल मेजबानी की। पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में देशभर के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने अपना पसीना बहाया। बिहार ने इस प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदकों समेत कुल 36 पदक जीतकर अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पदक तालिका में राज्य ने 28वें स्थान से लंबी छलांग लगाकर 15वां स्थान हासिल किया। राजगीर के नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में महिला एशिया कप हॉकी का सफल आयोजन हुआ, जिसने बिहार को वैश्विक खेल मानचित्र पर ला दिया। बिहार को वर्ष 2028 में होने वाले पहले नेशनल यूथ गेम्स की मेजबानी भी मिली है। भारतीय ओलंपिक संघ ने इसकी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने बिहार में तलवारबाजी के ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर मौखिक सहमति दे दी है। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बिहार के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया। महज 14 साल की उम्र में उन्होंने 36 गेंदों में शतक जड़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। बिहार की टीम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो लिस्ट-ए क्रिकेट का नया कीर्तिमान है।

बिहार की मिट्टी में कला रची-बसी है। 2025 में बिहार ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को आधुनिकता के साथ पेश किया। पटना के बिहार संग्रहालय में आयोजित तीसरे बिहार म्यूजियम बिएनाले ने दुनिया भर के कला प्रेमियों को आकर्षित किया। ग्लोबल साउथ शेयरिंग हिस्ट्रीज थीम पर आधारित इस आयोजन में मेक्सिको से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक के कलाकारों ने हिस्सा लिया। राजगीर में आयोजित नालंदा लिटरेचर फेस्टिवल में भारतीय भाषाओं और दर्शन पर गहरा मंथन हुआ। इसने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की ज्ञान परंपरा को जीवंत कर दिया। इस साल का बिहार दिवस उन्नत बिहार, विकसित बिहार की थीम पर मनाया गया। गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने राज्य की बदलती छवि को पेश किया। आधारभूत संरचना, कृषि, स्वास्थ्य और नवाचार की दिशा में भी बिहार ने कई नये कीर्तिमान गढ़े हैं। बख्तियारपुर से मोकामा तक एनएच-31 के फोर-लेन खंड का उद्घाटन हुआ, जिससे परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव आया। पटना में मेट्रो की शुरूआत हुई। मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और गया में मेट्रो सेवा शुरू करने को कैबिनेट की मंजूरी मिली। इस परियोजना पर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर 40 प्रतिशत खर्च करेंगे, जबकि 60 प्रतिशत राशि बाहरी संस्थानों से ली जाएगी। पूर्णिया में नये हवाई अड्डे की शुरूआत हुई। सुल्तानगंज और रक्सौल में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की घोषणा ने हवाई कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया। इसके अलावा, राज्य में सात नए एक्सप्रेसवे के विस्तार पर तेजी से काम हुआ। कोसी नहर परियोजना के आधुनिकीकरण को झंडी मिली। वहीं, जल जीवन मिशन के तहत 1 करोड़ 57 लाख घरों तक नल का जल पहुँचाया गया। खगड़िया जिले में देश का 10 हजारवां किसान उत्पादक संगठन पंजीकृत हुआ, जो मक्का और केला उत्पादन में बिहार की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो वर्ष 2025 काफी महत्वपूर्ण रहा। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 5 हजार 5 सौ बेड की क्षमता के साथ दुनिया के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। दरभंगा में दूसरे एम्स निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बिहार मरीजों के ओपीडी पंजीकरण के मामले में देशभर में पहले स्थान पर है। स्वास्थ्य संकेतकों की बात करें तो राज्य में वर्ष 2025 में शिशु मृत्यु दर घटकर प्रति हजार 27 हो गयी है, जो राष्ट्रीय औसत के बराबर है। संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में भी राज्य का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। राज्य सरकार ने पर्यटन के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। गया में विष्णुपद और बोधगया में महाबोधि कॉरिडोर विकसित करने की योजना को अमली जामा पहनाया गया है, जिससे पर्यटन आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

यह थी वर्ष 2025 के बिहार की एक संक्षिप्त झलक। चुनौतियों के बावजूद, बिहार ने अपनी जिजीविषा और मेहनत से यह साबित किया है कि वह अब पिछड़ा नहीं, बल्कि अग्रणी बनने की राह पर है।

**( लेखक बिहार के वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

अध्यात्म

## बुरे समय में निराश नहीं होना चाहिए, धैर्य से काम लें



पुराने समय में एक राजा के राज्य में विद्वान संत रहते थे। एक दिन संत अपने राजा से मिलने पहुंचे। राजा ने संत की खूब सेवा की। राजा की सेवा से प्रसन्न होकर संत ने जाते समय उसे एक ताबीज दिया। संत बोले, ' जब आपको ऐसा लगे कि आप किसी बड़ी मुसीबत में फंस गए हो और कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। सब कुछ खत्म हो गया है, तब इस ताबीज को खोल लेना। इसमें एक दिव्य मंत्र लिखा है। ये पढ़ लेना। लेकिन, इसे बुरे समय में ही खोलना। ये बात ध्यान रखना। राजा ने ताबीज गले में पहन लिया।

कुछ दिन बाद पड़ोसी राजाओं ने राजा के राज्य पर आक्रमण कर दिया। शत्रु काफी ज्यादा थे। राजा अकेला था, इस वजह से उसकी सेना हार गई। किसी तरह राजा अपनी जान बचाकर जंगल में भाग गया। वह एक गुफा में छिप गया।

गुफा में उसे शत्रु सैनिकों के कदमों की आवाज सुनाई दी तो उसे लगा कि अब मैं फंस गया हूं, सब खत्म हो गया। सैनिक बंदी बना लेंगे। तभी उसे संत के ताबीज की याद आई। राजा ने तुरंत ही ताबीज खोला और कागज निकाला। उस पर लिखा था कि ये समय भी निकल जाएगा। ये पढ़कर राजा को थोड़ा सुकून मिला। कुछ ही देर में सैनिक के कदमों की आवाज कम होने लगी। गुफा से झांककर राजा ने देखा तो सैनिक उस जगह से काफी दूर निकल गए थे। राजा तुरंत ही गुफा से बाहर निकला और अपने राज्य में पहुंच गया। इस तरह राजा जीवित बच गया।

**सीख**

जीवन में अच्छे दिन हो या बुरे दिन, हमेशा नहीं रहते हैं। सुख और दुख, दोनों तरह के समय में ये बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि ये समय भी कट जाएगा। अच्छे दिनों में ऐसे कामों से बचें, जिनसे अहंकार बढ़ता है और बुरे दिनों में धैर्य से काम लें।

# 2026 में बिहार में विकास की नई दस्तक !



हरेन्द्र प्रताप

वर्ष 2026 बहुत सारी उम्मीदों को लेकर आया है। यह वर्ष विकास की दृष्टि से बिहार समेत अनेक राज्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बिहार में एन. डी. ए. का फिर से सत्तारूढ़ होना और भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बिहार से होना राज्य के राजनीतिक और औद्योगिक विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस समय बिहार के हर जिले को उद्योग चाहिए और हर नौजवान बिहारी को रोजगार चाहिए। यह कैसे संभव है ? सन् 2026 में कोई चमत्कार हो सकता है ? आइए, इसकी पड़ताल करते हैं।

बिहार के नाम में ही बहुत कुछ छुपा हुआ है ! प्राचीन शब्द विहार आज भी रोजगार का खज़ाना है ! विहार शब्द के अंदर पर्यटन से जुड़े असंख्य रोजगार अंतर्निहित हैं। आधुनिक शब्द बिहार परिश्रम का पर्याय है। हर बिहारी के अंदर हर क्षेत्र में कठिन श्रम करने की अद्भुत क्षमता है जो अन्य राज्यों में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी विरले नज़र आती है।

बिहारी अपनी धुन के पक्के होते हैं। इसलिए ऐसे लोगों के लिए आज की तारीख में बिहार के अंदर एम एस एम ई क्षेत्र में विपुल संभावनाएं हैं। आधारभूत संरचना का निर्माण क्षेत्र, शैक्षणिक क्षेत्र और खेल का क्षेत्र बिहार का एक से पांच साल के अंदर कायापलट सकता है। मतलब यह कि पर्यटन, एम एस एम ई, आधारभूत संरचना निर्माण, शिक्षा और खेल के ये पांच क्षेत्र बिहार में लाखों की संख्या में रोजगार पैदा करने और राज्य को विकसित भारत की राष्ट्रीय गति में शामिल कराने की क्षमता रखते हैं।

यह सुखद संयोग है कि विकास पुरुष नीतीश कुमार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी के तेज तर्रार नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार से हैं। केंद्र सरकार में बिहार के वरिष्ठ नेता जीतन राम मांझी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम यानि एम एस एम ई मंत्री हैं। बिहार के सदाबहार नेता गिरिराज सिंह केंद्र में वस्त्र मंत्री हैं। बिहार में युवाओं के नये चहेते चिराग पासवान केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं। बिहारी राजनीति के चाणक्य राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह केंद्र में ही पंचायतीराज के साथ - साथ पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी से जुड़े विभागों के मंत्री हैं। केंद्र की नौकरशाही में भी अनेक प्रमुख बिहारी हैं जो बिहार की तरक्की चाहते हैं। इसलिए बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए यह सुनहरा अवसर है। अभी नहीं तो कभी नहीं की परिस्थिति को भांपते हुए और उसका महत्व समझते हुए नीति - निर्माताओं को विकास के मॉडल का प्रोजेक्ट बना कर बिहार में दिन - रात एक कर समर्पित भाव से मेहनत करने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार, भाई - भतीजावाद तथा भेदभाव के दुर्गुणों पर नियंत्रण रखने में यदि राज्य और केंद्र सरकार सफल हो गयी तो वर्ष 2026 में बिहार को तेज गति से तयशुदा समय में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है।

ऐतिहासिक और भौगोलिक रूप से बिहार के लगभग हर जिले में पर्यटन को सुव्यवस्थित और सुविकसित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। राज्य का हर जिला खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विपुल संभावनाओं से लैस है। नया बिहार हर जिले में आधारभूत संरचना के विकास की नई गाथा लिख रहा है। शहर के अंदर - बाहर सड़क मार्ग को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। उत्तर बिहार से लेकर दक्षिण बिहार और पश्चिम बिहार से लेकर पूर्व बिहार तक हवाई सेवा के विकास को लेकर भी आधारभूत संरचना विकसित और आधुनिक की जा रही है। पटना में मेट्रो विकास की पटरी पर दौड़ चुकी है। जल्दी ही यह व्यापक रूप लेने के लिए आगे बढ़ रही है। लेकिन मेट्रो ट्रेन को बिहार के अन्य बड़े शहर गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर इत्यादि में भी शीघ्र आरंभ किये जाने की आवश्यकता है।

एम एस एम ई के क्षेत्र में रोजगार को तेजी से बढ़ाने के लिए जिलावार एम एस एम ई कोरिडोर विकसित करने की आवश्यकता है जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

कुछेक अन्य उपाय हैं जो बिहार का खोया हुआ सम्मान तो लौटा ही सकते हैं, स्थाई तौर पर बड़ी संख्या में रोजगार के अन्य क्षेत्रों को भी खोल सकते हैं। इसके लिए कुछेक ठोस और दीर्घकालिक उपाय की भी आवश्यकता है। उदाहरण के लिए बिहार में दो विशिष्ट विश्वविद्यालयों की आवश्यकता है। एक, एम एस एम ई विश्वविद्यालय और दूसरा, मीडिया एवं फिल्म विश्वविद्यालय राज्य में उद्योग तथा जनसंचार के क्षेत्रों में दीर्घकालिक विकास की नींव तैयार कर सकता है। राज्य में खेल विश्वविद्यालय तो बन चुका है लेकिन अब बिहार को खिलाड़ी के साथ - साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी चाहिए और इसके लिए जरूरी है कि बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं तथा उन्नत स्टेडियमों का एक विशाल नेटवर्क तेजी से बिछाया जाए। एम एस एम ई विश्वविद्यालय की योजना उद्यम के हर क्षेत्र में भावी इंजीनियर एवं कुशल कारीगर तैयार करने के साथ - साथ हर जिले के लिए औद्योगिक विकास के रोडमैप के अनुरूप औद्योगिक विकास में परस्पर सहयोग कर सकती है तथा विकसित बिहार एवं विकसित बिहारी के सपने को साकार कर सकती है।

इसी तरह बिहार की एक और पारंपरिक सुदृढ व्यवस्था रही है स्तरीय शैक्षणिक परिवेश की। इसे भी एक नये नेटवर्क की तरह हर जिले से लेकर हर पंचायत तक में विकसित करने की आवश्यकता है। यह योजना अगले हजार साल के बिहार के विकास की रूपरेखा तैयार कर सकती है ताकि न सिर्फ बिहार बल्कि अन्य राज्यों और पड़ोसी देशों के विद्यार्थी फिर से लाभान्वित हो सकें।

नये साल के ठीक पहले भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इससे उत्साहित होकर बिहार नववर्ष में विकास के पंचतत्व सदृश पांच क्षेत्र पर्यटन, एम एस एम ई, आधारभूत संरचना निर्माण, शिक्षा और खेल के सम्पूर्ण विकास के लिए केंद्र और राज्य की सरकारों तथा निजी क्षेत्र के महत्वाकांक्षी उद्यमियों की ओर से ईमानदार एवं प्रभावी पहल की प्रतीक्षा कर रहा है ताकि वह अपने देश में अपनी अर्थव्यवस्था को अपेक्षित रूप से सुधार सके। वर्ष 2026 इसी उद्देश्य से राज्य में विकास की नई दस्तक दे रहा है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

# सिंगरौली का विकास बना पर्यावरणीय त्रासदी

डॉ. अस्मिता सिंह

यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं, बल्कि वर्षा चक्र के बिगड़ने, भूजल स्तर के गिरने, तापमान बढ़ने, वन्यजीवों के विस्थापन और मानव-प्रकृति संबंध के टूटने जैसा है। इस प्रक्रिया में सवाल ये उठता है कि आखिर हमें ऐसा कौन सा विकास चाहिए जो लाखों पेड़ों को काटकर ही मिलेगा? हम आने वाली पीढ़ी को कौन सा विकास देने जा रहे है जो न तो सतत् है न न्यायसंगत। वैसे देखें तो सिंगरौली का इतिहास बहुत दिलचस्प है प्राचीनकाल में यह इलाका श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि हुआ करता था, जिससे इसका नाम श्रृंगावली पड़ा। भाषा और समय प्रवाह के कारण श्रृंगावली, सिंगरौली में तब्दील हुआ। सिंगरौली रीवा रियासत का हिस्सा रहा और अंग्रेजी हुकूमत में काले पानी की सजा में सिंगरौली का नाम भी आता था। अब सीधी जिले से अलग कर 2008 में इसे मध्यप्रदेश का 50वाँ जिला बनाया गया। आज यह देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में बदल गया है। दरअसल सिंगरौली कोलफील्ड देश के सबसे समृद्ध कोयला क्षेत्रों में गिना जाता है, जहाँ से मिलने वाला कोयला ताप विद्युत संयंत्रों के लिए मुख्य ईंधन प्रदान करता है। इनसे प्रतिदिन हजारों मेगावाट बिजली राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि दिल्ली, झारखंड, उत्तरप्रदेश सहित देश के कई राज्यों तक पहुँचती है। सिंगरौली की पहचान केवल कोयला खदानों, बिजली उत्पादन या भारी उद्योगों तक सीमित नहीं रही, चितरंगी के चकरिया गोल्ड ब्लॉक में सोने का खनन भी शुरू हो गया है। बावजूद इसके सिंगरौली न सिर्फ विकास की दृष्टि से बल्कि यहाँ उपजाऊ मिट्टी, सोन और रिहंद जैसी नदियां, घने जंगल और सामाजिक विविधता में भी समृद्धशाली है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर ये जंगल अब कॉरपोरेट कॉम्पनियों के लालच की भेंट चढ़ रहे हैं। यहाँ स्थित बगदरा वन्यजीव अभयारण्य, जो सीधी और सिंगरौली दोनों जिलों में फैला है, संजय टाइगर रिज़र्व के बफर ज़ोन से सटा है यहाँ बाघों की घनी आबादी है। साथ ही माड़ा का जंगल इस क्षेत्र की जैव विविधता के संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। धिरौली और आसपास के वन क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
धन को लेकर परिवार में झगड़ा हो सकता है। आवश्यक न हो तो आज लम्बी यात्रा न ही करें। सामाजिक कार्यों में न चाहते हुये भी सम्मिलित होना पड़ सकता है।

**वृषभ**
आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। घर में प्रसन्नता का माहौल रहने वाला है। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन**
पुराने सम्पर्क से लाभ होगा। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। जिसे अपनाने में मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क**
आपकी राय व विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। व्यापार को लेकर नये अनुबन्ध हो सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी मामलों में घिरने की आशंका है। पुरूष जातकों की महिला सहकर्मियों से अनबन हो सकती है।

**कन्या**
कारोबार में अभिनव प्रयोग करना लाभकारी हो सकता है। पहले की गयी मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। प्रेम विवाह को परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला**
दवाइयों के कारोबार से जुड़े लोगों के लिये दिन जबरदस्त है। सहकर्मी मदद करेंगे। लेकिन आज आपको अपने काम के लिये दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक**
आज आपको अव्यवहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिये। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। प्रेम सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

**धनु**
उत्तम जीवनशैली का आनन्द लेंगे। पुराने लोन के कारण थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। शान्त और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें। शाम को किसी कारणवश घर में झगड़ा हो सकता है।

**मकर**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की सम्भावना बन रही है। व्यवसाय में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**कुंभ**
आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर में ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। कुण्ठित यौन आकर्षण आपके काम में बाधा बन सकते हैं।

**मीन**
नयी नौकरी ढूँढ रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। लोगों की राय से लाभ प्राप्त होगा। खर्चों पर नियन्त्रण पा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

# प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बखरी में हुआ जनसंवाद

## पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बखरी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया, इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायतों में सभी खराब पड़े सोलर स्ट्रीट लाईट को ठीक कराने का निर्देश दिया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को एससीध्एसटी अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न थानों में लंबित मामलों में मुआवजा भुगतान हेतु लंबित मामलों को सभी थाना से समन्वय स्थापित कर निष्पादित करते हुए ससमय आवेदन जिला कल्याण कार्यालय में भेजने का निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में खराब पैडल रिक्शा एवं ई-रिक्शा की मरम्मति कराने का निर्देश पंचायती राज पदाधिकारी को दिया। साथ ही लक्ष्य के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर सोखता निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक एलएसबीए को दिया। राशन कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की एवं उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बेगूसराय, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बखरी, अंचल अधिकारी बखरी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# समूह कला प्रदर्शनी में पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

## दर्शकों के लिए एक दिन और जारी रहेगी प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कंकौल स्थित सभागार में समकालीन कला पर आधारित समूह कला प्रदर्शनी का बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर बच्चों के बीच आयोजित चित्रकला प्रतियोता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी ने प्रदर्शनी की अपार सफलता तथा दर्शकों की लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए इसे एक दिन और बढ़ाने की घोषणा की। अब यह प्रदर्शनी 1 जनवरी को भी आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में क्षेत्र के उभरते कलाकारों एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली। विभिन्न माध्यमों और शैलियों में बनी कलातियों ने दर्शकों को समकालीन कला की नवीन सोच और अभिव्यक्ति से परिचित कराया। प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहयोग से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति विषय पर आधारित पेंटिंग के माध्यम से आधुनिक जीवन से जुड़े सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो आयु वर्गों जूनियर एवं सीनियर में किया गया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार संजना भारती (केन्द्रीय विद्यालय), द्वितीय पुरस्कार वैभव आदित्य (डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, इटवा) तथा तृतीय पुरस्कार सुप्रिया (डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, इटवा) को प्रदान किया गया। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार फुर्ती फ्रूटी (ष्णमूर्ति पब्लिक स्कूल), द्वितीय पुरस्कार अर्णव चौहान (सेंट पल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बदरपुर) एवं तृतीय पुरस्कार जय (बी.आर.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, इटवा) को दिया गया। समापन समारोह में डिप्टी मेयर अनिता राय एवं जिला कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा प्रतिभागी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर श्रीमती राय ने विद्यार्थियों की कला-प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ युवाओं को अपनी रचनात्मक क्षमता को पहचानने और निखारने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी कलाकारों, विद्यार्थियों, अतिथियों, आयोजकों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की कला गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। समापन समारोह के साथ यह समूह कला प्रदर्शनी एक प्रेरणादायी संदेश छोड़ गई कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और नई सोच को जन्म देने का एक सशक्त साधन भी है। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ चित्रकार इंद्र मोहन प्रसाद, मनीष कुमार, कौशिक प्रवीण कुमार, मनोज कुमार शाह, राजीव कुमार शर्मा एवं अंकित कुमार सहित कई गणमान्य कलाकार उपस्थित रहे। दर्शकों के अनुरोध पर प्रदर्शनी को एक दिन और बढ़ाया गया है, जिसके तहत 1 जनवरी को भी आर्ट गैलरी आमजन के लिए खुली रहेगी।

# सम्मानित किये गए छात्र नेता पुरूषोत्तम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता पुरूषोत्तम कुमार को लगातार दूसरी बार उत्तर बिहार के प्रदेश मंत्री बनने पर बाइट कम्प्यूटर संसथान द्वारा सम्मानित किया गया। बुधवार को बाइट कंप्यूटर्स परिवार की ओर से संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह और संस्थान की छात्रा सह बिजली विभाग की लेखा सहायक अंकिता पासवान के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि आप किसी भी बड़े पद पर चले जाएं और दुनिया के किसी कोने में रहे परंतु जन्म भूमि के प्रति आपका लगाव कम नहीं होना चाहिए। छात्रों को हमेशा जरूरतमंदों की मदद में आगे आना चाहिए। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषोत्तम कुमार जैसे नेट क्वालिफाइड छात्र नेता को प्रदेश मंत्री का दोबारा दायित्व मिलना जिले के लिए गौरव की बात है। अंत में अंग्रेजी नव वर्ष आगमन के अवसर पर संस्थान की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान एवं संगीत की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रथम परमार, प्रवीण कुमार, हिमांशु कुमार, खुशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नमिता कुमारी, नेहा कुमारी समेत दर्जनों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# एससी-एसटी एक्ट के निष्पादन में लाएं गति : डीएम

## समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से संबंधित त्रैमासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को देय मुआवजा राशि के भुगतान की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए गए।अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न थानों में लंबित मामलों की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित थानाध्यक्षों को त्वरित गति से लंबित वादों के निष्पादन हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय एवं राहत सुनिश्चित की जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, विधायक चेरियाबरियारपुर अभिषेक आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी रिजवान अहमद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बिजली दर तय करने से पूर्व उपभोक्ताओं से ली जायगी राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विद्युत दर (टैरिफ) निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में राज्य की विद्युत कंपनियों नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा दायर टैरिफ याचिकाओं पर निर्णय लेने से पूर्व आयोग द्वारा आम जनता, उपभोक्ताओं, संगठनों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।आयोग द्वारा यह प्रक्रिया पारदर्शिता एवं व्यापक जन-सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है ताकि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरें तय करने से पूर्व उपभोक्ताओं की राय को समुचित महत्व दिया जा सके। इसी उद्देश्य से राज्य के विभिन्न स्थानों पर जन-सुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जहां उपभोक्ता एवं संबंधित संगठन प्रत्यक्ष रूप से आयोग के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से संबंधित जन-सुनवाई 12 जनवरी को साढ़े 11बजे डीआरडीए सभागार में आयोजित की जाएगी। पूर्व में उपरोक्त कार्यक्रम कारगिल विजय सभा भवन में आयोजित की जानी थी। जिसे अब डीआरडीए सभागार में किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं अनुमंडल स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता एवं हितधारक इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज करा सकें। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के आम नागरिक एवं संगठन से अपील की है कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बिजली दर निर्धारण से जुड़े अपने विचार आयोग के समक्ष रखे।

# शराबियों के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नववर्ष के मद्देनजर शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 7.5 लीटर शराब भी बरामद की है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितीश कुमार (पिता शिवू महतो) और कुंदन कुमार (पिता रंजीत महतो) शामिल हैं। ये दोनों डरहाहरिसिंह, वार्ड-06, बखरी, बेगूसराय के निवासी हैं और इन्हें थाना सनहा संख्या-1311/25, दिनांक- 30.12.25, धारा- 37 बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2022 के तहत नशेड़ी अभियुक्त के रूप में पकड़ा गया। तीसरा आरोपी सुजीत साह (पिता स्व झोझो साह) सलौना, वार्ड-03, बखरी, बेगूसराय का निवासी है। उसे थाना कांड संख्या-479/25, दिनांक- 30.12.25, बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2022 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से चार लीटर देशी शराब और 3.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि नववर्ष के अवसर पर बखरी थाना क्षेत्र में शराब के नशे में हुड़दंग मचाने वाले और शराब बेचने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार भ्रमणशील है। उन्होंने चेतावनी दी कि चौक-चौराहों पर शराब के नशे में उपद्रव करने वाले या शराब बेचने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सक्षमता परीक्षा के लिए 9 जनवरी तक कर सकते हैं अप्लाई

## 11 सौ है आवेदन शुल्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा पंचम के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। ऑनलाइन आवेदन नौ जनवरी तक लिए जाएंगे। शुल्क भी इसी अवधि में जमा किया जाएगा। अभ्यर्थी इसकी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 1100 रुपये निर्धारित किया गया है। बोर्ड ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा पंचम में वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जो सक्षमता प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ में शामिल नहीं हुए हैं या अनुत्तीर्ण हुए हैं वो शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जिन्होंने चतुर्थ के लिए आवेदन पत्र भरा, परीक्षा शुल्क जमा किया लेकिन किसी कारणवश उनका परीक्षा आवेदन पत्र डीपीओ स्थापना द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया, वैसे अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं। लेकिन ऐसे अभ्यर्थियों को शुल्क नहीं देना होगा, केवल आवेदन भरना होगा। परीक्षा 1-5, 6-8, 9-10 व 11वीं-12वीं के शिक्षकों के लिए होगी। परीक्षा 2 घंटा 30 मिनट की होगी। 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगा। आवेदन के दौरान समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 7903859788 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# बुलडोजर नहीं बेसहारा को पर्चा दो : भाकपा माले

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार चल रहे बुलडोजर के खिलाफ भाकपा माले ने प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। बुधवार को माले कार्यालय में नेताओ ने कहा दलित, गरीब और मजदूर तबकों पर जारी बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठनों, दलित संगठनों और अन्य मजदूर संगठनों ने राज्यव्यापी संयुक्त प्रतिवाद तेज करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में 5 एवं 6 जनवरी को सभी प्रखंडों पर राज्यव्यापी संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा।माले जिला कार्यालय में खेग्रामस की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिला सचिव चंद्रदेव वर्मा, नवल किशोर सिंह, वैजू सिंह, माले नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव, संजय ठाकुर, सर्वेंद्र राय सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में मनरेगा को कमजोर करने, नए ग्राम जी कानून और मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को गरीब-मजदूर विरोधी साजिश बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि भूमि सुधार कानूनों को भी जमींदार पक्षीय बनाने की कोशिश हो रही है, जिसका संगठित प्रतिरोध जरूरी है। बैठक ने मांग की कि बुलडोजर कार्रवाई तुरंत बंद हो, सभी गरीब परिवारों को पर्चा दिया जाए, पांच डिसमिल जमीन का प्रबंध हो, मनरेगा को पूर्ण रूप से बहाल किया जाए और मजदूर विरोधी कानून वापस लिए जाएं। नेताओं ने कहा कि मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

# वैक्सीन कुरियर की महीनों से है प्रोत्साहन राशि लंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पीएचसी में कार्यरत वैक्सीन कुरियर को विगत पांच महीने से प्रोत्साहन राशि भुगतान नही हुआ है। इससे इनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कुरियर ने बताया कि सतत टीकाकरण कार्य में इनकी भूमिका अहम है। ये पीएचसी से वैक्सीन का उठाव कर निर्धारित टीकाकरण क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम में भी पहुंचाने का कार्य करते हैं। जिससे संपूर्ण टीकाकरण कार्य में अभूतपूर्व उपलब्धि विभाग को मिली है। सप्ताह में मात्र दो दिन इनसे कार्य लिया जाता है। प्रति बक्सा मात्र 90 रूपए प्रोत्साहन राशि के मिलता है। अल्प राशि पर कार्य किया जाता है वह भी पांच महीने से भुगतान नहीं किया गया है। जिससे परिवार के सदस्यों के लिए दो जून का जुगाड़ करने में कठिनाई हो रही है। वैक्सीन कुरियर सदानंद भारती, कपुर चंद, अक्षय कुमार, निरंजन कुमार ने प्रोत्साहन राशि अविलंब भुगतान कराने की वरीय पदाधिकारी से गुहार लगाई है।

# विदेशी शराब बरामद

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के संजात गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर सरसों खेत से 6 बोतल विदेशी शराब बरामद किया कारोबारी फरार हो गया नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान ने बताया कि बरामद शराब 750 एम एल के बोतल में रयल ग्रीन कंपनी का है।पुलिस ने थाना में मामला दर्ज कर कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर शल्य चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य हेतु अनुमंडलीय अस्पताल को मिला प्रशस्ति पत्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी जिसे मिनी मच ग्रुप में ग्रामीण इलाकों में देखा जाता है। पैसे में वर्ष 2025 में अनुमंडल अस्पताल द्वारा किए गए शल्य चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट है कार्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल को प्रशस्ति पत्र दिया गया है दरअसल स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने अपने दिए गए प्रशस्ति पत्र में लिखा है की अप्रैल 2025 से सितंबर 2025 की अवधि में आपके संस्थान में शल्य-चिकित्सा द्वारा कुल 137 प्रसव (सी-सेक्शन ऑपरेशन) सफलतापूर्वक किए गए। यह उत्कृष्ट उपलब्धि आपके संस्थान की चिकित्सीय दक्षता, सेवा-समर्पण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति आपकी निरंतर प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। आपकी टीम ने विभिन्न चुनौतियों एवं समुचित संसाधनों के बीच भी जिस दृढ़ता, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है, वह न केवल सराहनीय है, बल्कि पूरे बिहार राज्य के लिए प्रेरणादायी भी है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में आपके संस्थान का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है। आप सबके इस उत्कृष्ट कार्य हेतु संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। बहरहाल स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा अनुमंडल अस्पताल को मिला यह प्रशस्ति पत्र को लेकर पूरे अस्पताल के चिकित्सा टीमों में खुशी व्याप्त है और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। हनुमान ढिल्लों अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर नलिनी सिंह ने इसके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार के द्वारा चल रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी हम सभी चिकित्सकों की है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की समुचित इलाज दवा हमारी प्राथमिकता है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ लक्ष्मण एवं अन्य सभी अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मीयों ने खुशी जाहिर की।

# आरक्षी तथा चौकीदार का विदाई समारोह आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने में पदस्थापित गृह रक्षा वाहिनी के आरक्षी तथा चौकीदार के सेवा निवृत्ति उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु एस डी पी ओ अमरजीत तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि चौकीदार नोखे दास तथा आरक्षी सागर यादव अपनी सेवा के उपरांत आज रिटायर्ड हुए हैं। श्री दास 30 वर्षो तक विभाग को अपनी सेवा दी। सेवा अवधि में इन्होंने अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन किया। विभाग में अपनी बेदाग सेवा दी। यह इनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि रही है। इनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की।

# नव वर्ष पर पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा रहेगी चौकस

## डीएम और एसपी की बैठक में अफसरों को दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, कैमूर एवं पुलिस अधीक्षक, कैमूर की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान नववर्ष के अवसर पर संभावित भीड़, पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर आवागमन, सार्वजनिक आयोजनों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा और सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ सतर्कता बरतते हुए विधि-व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित करें। जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।भीड़-प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण एवं पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाया जाए, विशेषकर प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर।असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी, अवैध गतिविधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच की जाए।

सोशल मीडिया पर अफवाहों पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं का त्वरित खंडन किया जाए।डायल 112/आपात सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करने के साथ कंट्रोल रूम को पूर्णतः सक्रिय रखा जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नववर्ष के अवसर पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना की संभावना को शून्य स्तर पर लाने के लिए सभी पदाधिकारी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। डैम एवं जलाशयों के आसपास विशेष सतर्कता रहेगी।बैठक में जिले के सभी प्रमुख डैम एवं जलाशयों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए गए। आमजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग लगाने तथा चेतावनी संकेत (साइन बोर्ड) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। करमचट एवं जगदहवा में यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा करमचट एवं जगदहवा क्षेत्र में संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। इन क्षेत्रों में सुचारू आवागमन हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक नियंत्रण तथा नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी थाना प्रभारियों एवं सर्किल इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहते हुए स्थिति पर पैनी नजर रखें और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर सतत निगरानी रखें तथा जनसहयोग के माध्यम से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, अफवाहों से बचें तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना दें, ताकि नववर्ष का आगमन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हो सके।

# संगठनात्मक निर्णयों और नई घोषणाओं के साथ संपन्न हुआ विद्यार्थी परिषद का 67वां अधिवेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार के 67वें अधिवेशन के आज अंतिम दिन संगठनात्मक निर्णयों और नई घोषणाओं के साथ समाप्त हुआ। समापन सत्र में आगामी वर्ष की कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा प्रदेश में समाजहित, राष्ट्रहित और शिक्षा सुधार से जुड़े मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए साथ ही नई प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमे विभिन्न दायित्वो पर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौपें गए हैं। प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि अभाविप शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, समान अवसर और राष्ट्रीय चेतना के लिए संघर्ष जारी रखेगी। अधिवेशन में कुल 27 संगठनात्मक जिले एवं 18 प्रशासनिक जिले के कुल 1186 प्रतिनिधि उपस्थित हुए जिसमे 281 छात्राओं की संख्या थी। अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, युवा रोजगार सृजन व कौशल विकास, बिहार में छात्र-छात्राओं के लिए समरस छात्रावास निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए। आने वाले समय मे परिसर की समस्याओं के समाधान और छात्रों के कौशल विकास के लिए बड़े आंदोलन और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। व्यवस्था परिचय कराते हुए सूरज सिंह ने कहा कम दिनों में गयाजी के कार्यकर्ताओं ने मिलकर जिस प्रकार व्यवस्था खड़ी की उसके लिए हम उन सभी के प्रति आभारी हैं। अधिवेशन में पूर्व कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभवों के आधार पर हमारा मार्गदर्शन करते हुए नए कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चला इसके लिए मैं उनको साधुवाद देता हूँ। अधिवेशन में विभाग संगठन मंत्री मोहित सिंह भदौरिया, सूरज सिंह, पवन मिश्र, मैक्स अवस्थी, धीरज केशरी, मंतोष सुमन, अभिषेक झा, प्रिंस सोलंकी, आयुष, विनायक, लक्ष्मीकांत, चंदन शर्मा, अमन शर्मा राहुल सिंह, यशवंत, प्रफुल्ल चंद्र, अविनाश पांडेय, शुभम मिश्र, रविराज, विशाल दास, प्रशांत कुमार, आयुष शर्मा आदि थे।

संक्षिप्त समाचार

## प्रशासन ने श्रद्धालुओं के सुगमता से दर्शन हेतु मंदिर की व्यवस्था एवं मेला का किया भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज नव वर्ष 2026 के अवसर पर 01 जनवरी को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर अरेराज जलाभिषेक हेतु अत्याधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए। दिनांक 31.12.2025 को अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज के द्वारा स्थानीय थाना अध्यक्ष की उपस्थिति में आगंतुक श्रद्धालुओं के सुगमता से दर्शन हेतु मंदिर की व्यस्था एवं यातायात सुव्यस्थित रखने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।



## पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग (पशुपालन) बिहार पटना द्वारा आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय -02 बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाओं के तहत पशु बांझपन निवारण शिविर एवं पशु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले के 09 पशु चिकित्सालय के द्वारा यथा प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खजुरिया, रामगढ़वा, मधुबन, जटवा बनकटवा, घोड़ासहन, चिरैया, मच्छरगंवा ,सपहीडीह द्वारा आयोजित किया गया.इस शिविर में पशुपालकों को पशुओं में बांझपन से होने वाले नुकसान, बांझपन से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दी गई तथा आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया।




## शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को संध्या गश्ती के दौरान भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने सैनिक रोड जोलागाचा के पास से अवैध नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जीतना थाना अंतर्गत बनकटवा गाँव निवासी निरंजन कुमार पिता शंकर मुखिया के रूप में हुई है। तस्कर के पास से कुल 27 लीटर शराब मिली है। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## आदापुर थाना से चार एनबीडब्ल्यू फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा मोतिहारी न्यायालय के आदेश से एक विशेष अभियान चलाकर एनबीडब्ल्यू इशितहारो के फिरारी अभियुक्तों को खोज खबर में आदापुर में चार लोग पकड़े गए, आरोपी टिकुलिया गांव निवासी स्वर्गीय दारोगा राय के पुत्र अरविंद कुमार, सूर्य देव यादव के पुत्र श्याम यादव,लतिहनवा गांव निवासी लाल प्रसाद साह के पुत्र अरुण साह टी आर नम्बर 43/2022 है,झिटकैया गांव निवासी चंदिका सहनी के पुत्र छोटे लाल सहनी थाने आदापुर थाना क्षेत्र के है जिन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया,इस बात की जानकारी थानाध्यक्ष पप्पू पासवान ने दी।



## शराब व बाईक संग दो धंधेबाज गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बैरा मडुआहां पुल के पास से शराब व बाईक के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों धंधेबाज धुमनगर परतिया टोला गांव के सुनील कुमार और अप्पू कुमार बताए गए। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की दियारा से बाईक पर शराब लेकर दो धंधेबाज धुमनगर की ओर जाने वाले हैं। बताया कि सूचना के आलोक में टीम गठित कर कार्रवाई की गई और 12 बोतल रॉयल स्टेग विदेशी शराब व बाईक के साथ दोनों धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि पुछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।।

## पुल का अप्रोच पथ धंसा, बढ़ी.परेशानी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड से बसंतपुर जाने वाली थेथरी नदी पर बना पुल का अप्रोच पथ बुधवार को भारी वाहन गुजरने से धंस गया। बताया जाता है कि मैनाटांड की तरफ से ओवरलोड ट्रक बसंतपुर की तरफ जा रहा था।जैसे ही ट्रक पुल के पास पहुचा तो उसका अप्रोच पथ धस गया। जैसे-तैसे ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को बाहर निकाला।बताया जाता है कि जैसे-तैसे छोटे वाहन उस पुल से निकल करते थे लेकिन ओवरलोड वाहन उस पुल से गुजरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधि व स्थानीय प्रशासन से पुल की एप्रोच पथ की अविलंब मांग की है। विधायक समृद्ध वर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है।मरम्मती हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## नि:शुल्क अलाव की व्यवस्था, ग्रामीणों को राहत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा में समाजसेवी मनोज गिरि ने कड़ाके की ठंड से निःशुल्क अलाव की व्यवस्था कर ग्रामीणों, बुजुर्गों और मजदूरों को राहत दी। सुबह और देर रात के समय ठंड के कारण सबसे अधिक परेशानी झेलने वाले मजदूर और बुजुर्गों ने इस व्यवस्था की सराहना की। अलाव के आसपास लोग जुटकर ठंड से बचाव करते नजर आए। समाजसेवी श्री गिरि ने बताया ठंड के इस मौसम में गरीब, मजदूर और असहाय लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। जब तक ठंड रहेगी, जरूरत के अनुसार अलाव की व्यवस्था जारी रहेगी। किसी को भी ठंड से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इधर अलावा की व्यवस्था से लोगों को राहत मिली है।

## आरटीपीएस काउंटर बंद रहने से आवेदकों को हुई परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को आरटीपीएस काउंटर बंद रहा। जिससे आवेदन जमा करवाने आए कई आवेदकों को मायूस होकर लौटना पड़ा। काउंटर के बाहर आवेदन करने खड़ी बढ़निहार की विभा देवी ने बताया कि करीब 15 दिन पहले जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जमा किया था, जो अभी तक नहीं मिला है। आज प्रखंड आयी यो यहां काउंटर बन्द है। कोई कर्मी भी नही है। वहीं, जमुनिया से पहुंची जोहरा खातून ने बताया कि बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना है। जिसको लेकर पिछले एक सप्ताह से कार्यालय का चक्कर लगा रही हु। इधर तुमकड़िया गांव से पहुंचे कौशरी खातून, नौशाद आलम ने बताया कि राशन कार्ड में बच्चों का नाम जुड़वाना है। जिसको लेकर प्रखंड आये थे, यहां आने पर पता चला कि आरटीपीएस काउंटर बंद है। बहरहाल कई आवेदक आवेदन किए बगैर ही वापस लौट गए। वहीं, प्रखंड परिसर में घूम रहे धूमनगर के अबुल कलाम ने मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन, जोहरा खातून व अन्य ने भी जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन बीडीओ के पास जमा करवाया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि आरटीपीएस के कर्मियों ने छुट्टी लिया है। यहीं कारण है कि काउंटर बंद है।

## आधार सेंटर पर बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर भीड़

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आधार सेंटर पर बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए लाभुकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अधिकांश लोग राशन वितरण में फिंगर स्कैन न होने की समस्या का सामना कर रहे हैं। केंद्र संचालक संदीप कुमार ने बताया कि एक दिन में केवल 40-50 आवेदन लिए जा रहे हैं और बाकी लाभुकों को अगले दिन आने के लिए कहा गया है। सुरक्षा गार्डों ने भीड़ को कतारबद्ध किया।

# डीएम ने किया एकमा-ताजपुर सड़क पर नहर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण





**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित यात्रा कू मद्देनजर सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मंगलवार को एकमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक अमले में हलचल मचा दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार के साथ मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा से जुड़ी योजनाओं समेत विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

लगभग 16 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का किया निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सबसे पहले एकमा प्रखंड मुख्यालय परिसर पहुंचे, जहां लगभग 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्माणाधीन नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के चयनित स्थल व निर्माण कार्य की प्रगति का स्थलीय अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी बिंदुओं की जानकारी ली और कार्य की गति बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में बीडीओ डॉ अरुण कुमार के साथ बैठक कर विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

**सरकारी भूमि की पैमाइश कर कब्जा सुनिश्चित करने का निर्देशः**

जिलाधिकारी ने सीओ के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय की सरकारी भूमि की विधिवत पैमाइश कर उसे सरकारी कब्जा सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ डॉ अरुण कुमार को दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि का उपयोग केवल जनहित व प्रशासनिक जरूरतों के लिए ही होना चाहिए।

**पुराने भवनों के मलवे निस्तारण व्यवस्था की सराहनाः**

नए भवन निर्माण से पूर्व पुराने परित्यक्त भवनों की बैरिकेडिंग कर सुरक्षित तरीके से मलवे के निस्तारण की व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने बीडीओ डॉ अरुण कुमार की कार्यशैली की सराहना की और इसे अन्य प्रखंडों के लिए अनुकरणीय बताया।

**डुमाईगढ़-ताजपुर-एकमा पथ व नहर पुल का निर्माण का किया निरीक्षणः**

इसके बाद जिलाधिकारी ने डुमाईगढ़-ताजपुर-एकमा पथ तथा इसी मार्ग पर भोरहोपुर नहर पुलिया के स्थान पर निमार्णाधीन नए पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान सारण गंडक नहर एवं आरडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालक अभियंता व संवेदक से कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

**मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से मिली योजनाओं को दी जा रही प्राथमिकताः**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी विगत प्रगति यात्रा के दौरान एकमा पहुंचकर एकमा-डुमाईगढ़ एवं एकमा-मशरक सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण प्रस्तावों को स्वीकृति दी थी। इसके बाद से इन परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। नए वर्ष में मुख्यमंत्री की संभावित एकमा यात्रा को लेकर प्रशासन सभी कार्यों को समय पर पूर्ण कराने में जुटा हुआ है।

**मत्स्य पालन को बताया स्वरोजगार का मजबूत साधनः**

इसी क्रम में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आमडाढ़ी पंचायत के देकुली गांव के बाहर में मत्स्य पालक राजू सिंह के मछली पालन वाले तालाब का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने मछली पालन के लिए दी जा रही सरकारी सहायता, बीज उपलब्धता एवं उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की और अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की निगरानी करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी जलालपुर प्रखंड कार्यालय व क्षेत्र के निरीक्षण के लिए रवाना हुए।

**एसडीएम, डीसीएलआर व बीडीओ सहित कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूदः**

निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम नितेश कुमार, डीसीएलआर आलोक राज, बीडीओ डॉ अरुण कुमार, एकमा थानाध्यक्ष, बीडीसी प्रतिनिधि सुरेंद्र नाथ पंडित, क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता के. के. सिंह सेंगर, सारण गंडक नहर एवं आरडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित विभिन्न विभागों के इंजीनियर व अधिकारी मौजूद रहे। बहरहाल, डीएम के इस औचक निरीक्षण से एकमा प्रखंड में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है, वहीं अधिकारियों में जवाबदेही व सक्रियता भी बढ़ी है।

# हेलमेट और गुलाब का फूल देखकर एसपी और यातायात डीएसपी ने वाहन चालकों को दिया संदेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़कों पर हो रही दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षा के मद्देनजर रोटरी क्लब बेतिया टाउन के द्वारा बुधवार को रेलवे स्टेशन चौक पर डेढ़ सौ से अधिक हेलमेट का वितरण किया गया। हेलमेट वितरण के दौरान एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन डीएसपी यातायात अतनु दत्त सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। एसपी और अन्य अधिकारी को रोटरी क्लब के अध्यक्ष और सचिव के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। वितरण के दौरान बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों का चालान काटकर उन्हें हेलमेट और एक गुलाब का फूल दिया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मदन बनिक, सचिव डॉक्टर संतोष, रमेश तोदी , पूर्व अध्यक्ष डीके सिंह,पूर्व सचिव अजय शर्मा शहीद कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। हेलमेट वितरण के दौरान अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर अधिकांश लोग घूमने के लिए दो पहिया वाहनों पर निकलते हैं, उनको अपने और परिजनों की सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहनना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जिले वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मदन बनिक,सचिव डॉक्टर संतोष अजय शर्मा , डीके सिंह,संगम कृष्णा अमरेंद्र सिंह,मनोज कुमार ,जोए माइकल, नुरुल इस्लाम, रमेश तोदी, ऋषभ जैन, सुरेश सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

रक्सौल में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस का बड़ा प्रहार

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ हरैया पुलिस ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया है। इस कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरैया थाना क्षेत्र के तुमड़िया टोला वार्ड संख्या-04 स्थित सूरज कुमार, पिता- मुन्ना प्रसाद, अपने घर में नशीली दवाओं का भंडारण कर चोरी-छिपे बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वरीय अधिकारियों के आदेश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल मनीष आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल में राजस्व अधिकारी रक्सौल अरविंद कुमार, अंचल निरीक्षक अशोक पांडेय, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, पु०अ०नि० सोनालाल कुमार, ढळउ-1381 अनिल कुमार ताती, सिपाही-579 संदीप पाल, सिपाही-61 मिथुन कुमार मांझी, सिपाही पिंटू कुमार एवं चौकीदार विश्वेश्वर पासवान शामिल थे। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समय 13:20 बजे पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अभियुक्त सूरज कुमार (31 वर्ष) को मौके से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उसके घर से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गईं। तलाशी में सैमसंग कंपनी का एक स्मार्ट मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल अवैध कारोबार में किए जाने की आशंका है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस अवैध कारोबार से जुड़े दूसरे अभियुक्त नरेश कुमार (26 वर्ष), पिता- गोपाल साह, निवासी तुमड़िया टोला वार्ड संख्या-03, थाना हरैया को दिनांक 31 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में ऐसे अवैध धंधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रंगदारी की मांग को लेकर बस स्टाफ से बदसलूकी, यात्रियों को उतारने का आरोप

## महावीर चौक पर अवैध बस स्टैंड वसूली को लेकर विवाद

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मशरक महावीर चौक के पास मंगलवार की अहले सुबह अवैध रूप से बस स्टैंड वसूली को लेकर हुए विवाद में हिमगिरी बस के स्टाफ के साथ बदसलूकी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रंगदारी नहीं देने पर बस स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करते हुए यात्रियों को जबरन बस से उतार दिया गया।

**गोपालगंज-पटना रूट की बस को बनाया निशानाः**

जानकारी के अनुसार गोपालगंज से पटना जा रही हिमगिरी बस मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे महावीर चौक बस स्टैंड के पास रुकी थी। इसी दौरान स्थानीय स्व. जटा प्रसाद के पुत्र विजय पटेल समेत उनके पुत्र गोलू कुमार, रिंकु कुमार, विटू कुमार एवं छोटू कुमार द्वारा बस स्टाफ से रंगदारी की मांग की गई।

**रंगदारी नहीं देने पर यात्रियों को उतारने का आरोपः**

बस मालिक द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, रंगदारी की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपितों ने बस स्टाफ के साथ बदसलूकी की और यात्रियों को जबरन बस से उतार दिया। साथ ही धमकी दी गई कि इस रूट पर बस चलाने के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपये देने होंगे, तभी बस का संचालन संभव हो पाएगा।

**अन्य बसें पहुंचीं मौके पर, थाने के सामने खड़ी की गईं गाड़ियांः**

घटना की जानकारी मिलते ही गोपालगंज-पटना समेत विभिन्न रूटों पर चलने वाली हिमगिरी ट्रैवल्स की चार अन्य बसें भी मौके पर पहुंच गईं। विवाद बढ़ता देख सभी बसों को एहतियातन मशरक थाना के सामने खड़ा कर दिया गया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।



**बस मालिक ने थाने में लगाई न्याय की गुहारः**

इस मामले में इसुआपुर थाना क्षेत्र के डटरा पुरसौली गांव निवासी बस मालिक प्रवीण कुमार सिंह ने मशरक थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**दोनों पक्षों से आवेदन, पुलिस जांच में जुटीः**

मामले को लेकर मशरक थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान ने बताया कि इस विवाद में दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**स्थिति का असरः**

घटना के बाद बस चालकों और कर्मचारियों में रोष देखा जा रहा है, वहीं अवैध वसूली को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्रभार नहीं देने से अंचल कार्य प्रभावित

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रभार नहीं देने के कारण अंचल बगहा दो का कार्य विगत 5 महीना से प्रभावित है। अंचल नाजीर के नजारत का प्रभार नहीं देने से एक ओर कड़ाके की इस ठंड में अंचल प्रशासन को अलाव जलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर रैयतदार भूमि मापी को लेकर अंचल कार्यालय का दौड़ लगा रहे हैं। अंचल का कार्य प्रभावित होते देखा बगहा दो सीओ के द्वारा तत्कालीन अंचल नजीर को बार-बार रिमाइंडर किया गया। बावजूद इसके अंचल नाजीर पप्पू सक्सेना के द्वारा अंचल का प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है। ऐसे में सीओ ने अंचल नाजीर पप्पू सक्सेना पर से जवाब तलब करते हुए कार्रवाई को लेकर जिला पदाधिकारी को भी पत्राचार किया है। अंचल बगहा के सीओ मोहम्मद वसीम अकरम ने बताया कि पांच महा पूर्व अंचल नाजीर पप्पू सक्सेना का स्थानांतरण बगहा दो अंचल से जिला मुख्यालय हो गया था। लेकिन अब तक अंचल नाजीर के द्वारा अंचल नजारत का प्रभार नहीं सौंपा गया। इसको लेकर नजीर को कई बार पत्राचार किया गया।

# गोदाम निर्माण में अनिमितता को लेकर सचिव ने की जांच की मांग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुंडीलपुर पंचायत के मंझरिया में बन रहे सब्जी उत्पादक गोदाम के निर्माण में अनियमितता को लेकर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के सचिव रूपेश कुमार कुशवाहा ने निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सचिव श्री कुमार ने कहा है कि विभागीय मिलीभगत से गोदाम का निर्माण मानक के विपरीत कराया जा रहा है। यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। जमुआ और मनियारी नदी का पानी हर साल इधर तबाही मचाती है। ऐसे में इसका निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने से गोदाम भवन पर भी खतरा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि नींव के कार्य में आठ फिट की बजाय तीन फीट गहराई पर हीं ढलाई कर दी गई है। इतना हीं नहीं इसमें 10 एमएम का सरिया और निम्न गुणवत्ता वाला सीमेंट भी उपयोग किया गया है। जबकि गोदाम का निर्माण भवन निर्माण विभाग की ओर से करीब एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसका आकार 125 फिट लंबा और 80 फिट चौड़ा है। इसको लेकर विभाग के वरीय अभियंताओं को बार बार शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सचिव ने कहा है कि अब एसडीएम और डीएम से इसकी शिकायत की जा रही है। ताकि गोदाम का निर्माण हर हाल में गुणवत्तापूर्ण कराया जा सके। इधर अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा ने कहा कि सभी आरोप बेबुनियाद है। वहीं, भवन निर्माण विभाग के जेई शांति रमन ने बताया कि गोदाम का कार्य गुणवतापूर्ण कार्य करवाया जा रहा है। खुदाई के कारण जमीन से पानी निकल जाने के कारण उसे कम किया गया है। उधर एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गोदाम के निर्माण में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसकी जांच कराई जा रही है।

## बेतिया में हुआ रेट्रोकेवल यूरेटर का सफल ऑपरेशन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण के लिए गर्व की बात है कि प्रतिष्ठित यूरोलॉजिस्ट व लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मोहम्मद हिदायतुल्लाह ने एक दुर्लभ जन्मजात किडनी रोग 'रेट्रोकेवल यूरेटर' का सफल लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन किया है। इस बीमारी में यूरेटर 'इन्फीरियर वेना कावा' के पीछे से गुजरने के कारण किडनी में सूजन आ जाती है।मरीज 20 वर्षीय युवक था, जो लंबे समय से दाहिनी किडनी की गंभीर सूजन से पीड़ित था और दिल्ली एम्स में इलाज के बावजूद राहत नहीं मिल पाई थी। बेतिया स्थित ळ स्टोन यूरोलॉजी एंड लैप्रोस्कोपी अस्पताल में डॉ. हिदायतुल्लाह ने लगभग चार घंटे चली जटिल सर्जरी कर यूरेटर को सही स्थिति में लाया।

## वीटीआर के आसपास पिकनिक पर रोक

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वन विभाग ने 2026 में वीटीआर के आसपास पिकनिक मनाने पर रोक लगा दी है। मंगूराहा और गोवर्धना वन क्षेत्र के पास पिकनिक केवल वन क्षेत्र से एक किलोमीटर दूर ही की जा सकेगी। वन क्षेत्र के पास डीजे बजाने और शोरगुल करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भवानी पुर चेक पोस्ट 1 जनवरी को पूर्णतः बंद रहेगा।

# दो बंद घरों को चोरों ने बनाया निशाना, चोरों ने उड़ाई 60 लाख से अधिक की संपत्ति

## एक ही छत के नीचे दो घरों में भीषण चोरी, इलाके में दहशत

**रसूलपुर/एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के बेनौत गांव में अज्ञात चोरों ने बंद घरों को निशाना बनाते हुए नकदी समेत करीब 60 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने बेनौत गांव निवासी राजेन्द्र सिंह (पिता राधा किशन सिंह) एवं आदर्श कुमार (पिता रविशंकर सिंह) के घरों के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर इस बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया।

**परिवार बाहर, चोरों ने उठाया फायदाः**

बताया जा रहा है कि राजेन्द्र सिंह का परिवार दादी के इलाज के लिए यूपी के कानपुर गया हुआ था, जबकि आदर्श कुमार का परिवार हैदराबाद में रहता है। दोनों ही घर लंबे समय से बंद थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने भीषण ठंड का लाभ लेते हुए सुनियोजित तरीके से घरों में प्रवेश किया।

**आलमीरा तोड़कर नगद व जेवरात पर किया हाथ साफः**

चोरों ने एक ही छत के नीचे स्थित दोनों घरों को बारी-बारी से खंगाला। घरों में रखी आलमीरा को तोड़कर नगद रुपये, सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ितों के अनुसार एक घर से लगभग 10 लाख रुपये तथा दूसरे घर से करीब 50 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी की गई है।

**पहले ही जताई थी आशंका, एसपी को किया था अलर्टः**

पीड़ित परिवार का कहना है कि चोरी की आशंका पहले ही उन्हें हो गई थी। इसको लेकर उन्होंने सारण के एसपी को कॉल कर तथा व्हाट्सएप के माध्यम से पुलिस गश्ती को मजबूत व सक्रिय करने का अनुरोध भी किया था, इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच में जुटीः**

घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पीड़ित परिवारों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# डॉ. अभिजीत दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में असिस्टेंट पद पर नियुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में पीएचडी शोध छात्र रहे डॉ. अभिजीत सिंह की नियुक्ति दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर हुई है। डॉ. सिंह मीडिया अध्ययन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र के शोध निर्देशन में "राम जन्मभूमि आंदोलन का मीडिया कवरेजः एक अध्ययन" विषय पर अपनी पीएचडी पूर्ण की है। उत्तर प्रदेश के जिला बलिया निवासी डॉ. अभिजीत सिंह ने परास्नातक की डिग्री गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर से पूर्ण की है। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. अभिजीत सिंह को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह समाचार विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाला है। मीडिया अध्ययन विभाग के शिक्षक भी बधाई के पात्र है। इससे अन्य शोधार्थियों और



विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी। एससीएस एन्ड आईसीटी के डीन प्रो. रणजीत कुमार चौधरी ने डॉ. सिंह को बधाई दी है। मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. अभिजीत की यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। शोध निर्देशक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक गुरु के लिए यह समाचार अत्यंत सुखदायी है। उन्होंने डॉ. अभिजीत को बधाई दी और कहा कि यह परिणाम उनके अथक परिश्रम और अटूट लगन का प्रतिफल है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि डॉ. सिंह अकादमिक जगत में नवाचार का प्रयोग करते रहेंगें व अपने परिश्रम से शीर्ष को प्राप्त करेंगे। डॉ. अभिजीत सिंह ने कहा मेरी यह उपलब्धि माता - पिता और परिवार के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन और आशीष का प्रतिफल है।मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. साकेत रमण, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उमा यादव और अतिथि प्राध्यापक डॉ. मयंक भारद्वाज सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी डॉ. सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# पुलिस ने चपौर पंचायत के मलहचक गांव में 50 किलो गांजे के पेड़ को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को लहसुना थाने की पुलिस ने चपौर पंचायत के मलहचक गांव में सघन छापेमारी करते हुए 50 किलो गांजा के पेड़ को को नष्ट किया है। दरअसल बताया जाता है कि शराबबंदी के बाद अब विभिन्न गांव में लोग नशे का सेवन करने के लिए अब कई लोग या तो अपने घर के आंगन में गांजा का पेड़ लगा रहे हैं तो कई लोग अपने खेत खलिहान और आहार पाईन के किनारे लगा रहे हैं। ताकि उससे होने वाले गांजे से नशा कर सके, या फिर उसे बिक्री कर सके। ऐसे में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर विभिन्न थानों की पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाकर इसकी बिक्री एवं खेती को लेकर सभी थानों के पुलिस इन दोनों छापेमारी कर रही है। ऐसे में बुधवार को लहसुना



थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए पुनपुन थाना के सीमा से सटे चपौर पंचायत के मलहचक गांव में तकरीबन सैकड़ो गांजे के हरे पौधे को नष्ट किया गया है। जिसका वजन तकरीबन 50 किलो बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया की लगातार कई दिनों से हरे गांजे के पेड़ की सूचना मिल रही थी। इस सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित कर छापेमारी की गई है।

## विधि-व्यवस्था को लेकर 14 जगहों पर रहेगी पुलिस व मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नए साल के जश्न में अगर सड़कों पर शराब पीकर नागिन डांस करते दिखे तो वैसे लोगों की खैर नहीं होगी। दरअसल न्यू ईयर सेलिब्रेशन के मौके अनुमंडल प्रशासन की ओर से सभी थानों की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। ऐसे में विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर कुल 14 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा वहीं 31 दिसंबर की शाम से ही विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग, होटल ढाबा मॉल एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर सघन तलाशी अभियान भी चलाया गया है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी थानों की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखते हुए सघन वाहन चेकिंग लहरिया कट बाईकर्स पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ सभी धार्मिक स्थल मंदिर, पार्क पर पुलिस की गस्ती रहेगी। कुल 14 जगहों पर प्रतिनियुक्त स्थल में धनरूआ बाजार, फन एंड सिटी देवदाहा, सकरपुरा मोड, मसौढ़ी रेलवे गुमटी, डीए कॉलेज मैदान, गांधी मैदान, मसौढ़ी क्रिसमस चर्च, मसौढ़ी पटेल नगर पार्क, मसौढ़ी रेलवे स्टेशन, कर्पूरी चौक, राम गोविंद सिंह, पुनपुन लक्ष्मण झूला पर खासतौर पर पुलिस का पहरा बिठाया गया है ताकि न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विधि व्यवस्था का संधारण ठीक ढंग से हो सके। इसके अलावा अशांति भंग करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई है कि देर रात तक न्यू ईयर पार्टी का सेलिब्रेशन ना करें, डीजे का ज्यादा शोर गुल ना हो वहीं ट्रैफिक को भी लेकर भी पुलिस अलर्ट मोड पर है।

# महादलितों के घर तोड़ने से पहले उन्हें बसाया जाए

## विधायक अरुण मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर की गुजारिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सडक के किनारे बसे महादलित के घर तोडे जाने को लेकर मसौढी विधायक अरुण मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनसे गुजारिश की है कि मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई महादलित के घर भी तोड़े जा रहे हैं। ऐसे में पहले उन्हें बसाया जाए उसके बाद उक्त स्थल से हटाया जाए। इस निवेदन पर मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया है कि जहां कहीं भी महादलित्य बसे हुए हैं पहले उन्हें अन्यत्र जगह पर उन्हें बसाया जाएगा, उसके बाद ही वहां से उन्हें अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर हटाया जाएगा। दरअसल



मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत नदौल मुसहरी समेत कई जगहों पर जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान चिन्हित करते हुए उन्हें घर पर नोटिस चिपका दी गई थी कि तीन दिनों के अंदर सभी लोग वहां से हट जाये नहीं तो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर बुलडोजर चलाया गया जाएगा। जिसको लेकर जमीन पर बसे महादलित में दहशत का माहौल था। इसी बीच विधायक अरुण मांझी उन सबों से मिलने पहुंचे थे जिसको लेकर अरुण मांझी ने उन सभी महादलित को आश्वासन दिया था कि मुख्यमंत्री से मिलकर गुजारिश करेंगे कि पहले इन्हें बसाया जाए उसके बाद ही उजाड़ने की कोशिश की जाए जिसको लेकर विधायक के गुजारिश पर हटाने से पहले बसाने का आश्वासन मिला है।

## भगवानगंज में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** अवैध बालू खनन और बिक्री पर रोक लगाने को लेकर चलाये जा रहे अभियान के दौरान भगवानगंज पुलिस ने बुधवार को मसौढ़ी पालीगंज मार्ग के लखनौर बेदौली के पास में एक बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को जब्त किया है। मौके से चालक फरार हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह काजीचक की ओर से पुनपुन नदी से अवैध रूप से बालू निकासी कर जा रहा था, जहां पुलिस की गाड़ी देकर बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गया है। अवैध बालू खनन को लेकर लगातार भगवानगंज पुलिस की कार्रवाई चल रही है।

# किसानों को सिखाए जा रहे किट प्रबंधन के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में पंचायत स्तरीय इन दोनों पौधा संरक्षण पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है जहाँ किसानों को समेकित कीट प्रबंधन आधारित विधाओं एवं अवयवों के उपयोग के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस बहाने किसानों को जागरूक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत पंचायत स्तर पर चलायी जा रही है। सभी प्रखंडों के तीन-तीन पंचायतो में यह आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 06 सत्रों में संपन्न होना है जहां 31 दिसंबर को द्वितीय सत्र का समापन हो गया है। तृतीय सत्र 8 जनवरी 2026, चतुर्थ सत्र 12 फरवरी पांचवा सत्र 19 फरवरी और छठा सत्र 12 मार्च को होगी।



प्रत्येक पाठशाला में 25 कृषकों को फसलों पर जैव कीटनाशी, घटकों का प्रयोग कर पर्यावरण प्रदूषण को कम करते हुए विषरहित अन्न उत्पादन करने के तरीकों के बारे में जानकारी मुहैया कराया गया है,जो मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान फसल सुरक्षा में रासायनिक कीटनाशकों को अंतिम उपाय के रूप में प्रयोग के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई. कृषकों को फसल समस्या समाधान में आत्मनिर्भर बनानन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में चयनित फसल में कीट-व्याधि के प्रबंधन से फसल के उत्पादन में गुणवत्तायुक्त वृद्धि कम लागत पर बल दिया जा रहा है. पौधा संरक्षण पाठशाला में फसल प्रत्यक्षण का रकवा एक एकड़ में किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें कृषकों के चयन में सभी वर्ग के कृषकों को प्राथमिकता देकर 77.04 प्रतिशत सामान्य जाति, 21.25 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.71 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की सहभागिता निर्धारित की गई है। कृषक प्रशिक्षुओं में महिला कृषकों को प्राथमिकता दी गई है जबकि प्रत्येक पाठशाला में एक प्रगतिशील कृषक को पाठशाला संचालक के रूप में चुना गया है। मसूरी प्रखंड के नूर पंचायत के भाखड़ा गांव में आयोजित पौधा संरक्षण पाठशाला कार्यक्रम के मौके पर किसान सलाहकार मदन कुमार के अलावा पौधा संरक्षण विभाग के साहिल कुमार प्रगतिशील किसान में निरंजन कुमार शिवरंजन कुमार, शशि कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# पंच शिव मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया मुख्य मार्ग पर धनरूआ प्रखंड स्थित शहरू के पास पंच शिव मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। जहां सैकडों की संख्या में उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने विधवत तौर पर पूजन पाठ किया। वहीं मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर में स्थापित प्रथम पूज्य गजानन विघ्न विनाशक गणपति महाराज एवं देवाधिदेव महादेव भक्त वत्सल जगत जननी मां दुर्गा, अंजनी पुत्र हनुमान के साथ माता लक्ष्मी आदि देवी देवताओं का पूजा पाठ किया गया, दरअसल बताया जाता कि आज के ही दिन इन सभी देवी देवताओं का इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सुबह से ही मंदिर में सुंदर कांड पाठ एवं शाम को आरती मंगल कार्यक्रम किया गया, सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भजन कीर्तन आरती होते रही। आयोजक रविंद्र शर्मा उर्फ झूलन शर्मा ने बताया कि पंच शिव मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ बुधवार को शुक्ल पक्ष द्वादशी को आयोजित की गई और इस मौके पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया, जहां रामचरित्र मानस का सुंदरकांड का पाठ विद्वान आचार्य द्वारा किया गया। इस मौके पर औरंगाबाद दाउदनगर बनारस से आये हुए आचार्य में आशुतोष पांडेय, गयाजी दुबे, प्रीतम राय, गौतम ओझा, ओमप्रकाश मौर्य में शामिल रहे।मौके पर रविंद्र शर्मा उर्फ झूलन शर्मा, प्रमोद शर्मा, मंदिर के पुजारी मनीष पांडे, कुमुद कुमार सिंह, संतोष तिवारी,रजनीश कुमार आदी शामिल रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्व. नवीन किशोर जी की सादगी...

भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृतियों को प्रणाम किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं स्व. नवीन किशोर सिन्हा के सुपुत्र नितिन नवीन की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्हें याद करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज हम ऐसे नेता की पुण्यतिथि मना रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र पार्टी के कार्यकर्ता को अपना सब कुछ माना। उनके लिए कार्यकर्ता उनके परिवार का सदस्य थे। उन्होंने स्व. सिन्हा को अपना प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि आज बिहार भाजपा उनके बताए रास्ते पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि स्व. सिन्हा न केवल एक जनप्रतिनिधि थे बल्कि समाजसेवी भी थे जिन्होंने आम लोगों की सेवा में अपना जीवन खपा दिया। जनसेवा के प्रति उनका व्यक्तित्व सदैव हमसभी को प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दूबे, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पैक्स टैगिंग की मांग को लेकर किसानों ने एसडीओ को सौंपा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल के लालगंज सेहरा पंचायत के पैक्स से जुड़े किसान धान खरीद नहीं होने से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि धान खलिहान में रखा-रखा खराब हो रहा है, लेकिन पैक्स में खरीद शुरू नहीं हो पाई है। इस समस्या को लेकर दर्जनों किसानों ने लालगंज सेहरा पैक्स को सीमावर्ती मेरा पतौना पैक्स से टैग करने की मांग करते हुए पालीगंज एसडीओ गरिमा लोहिया को आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि लालगंज पैक्स में चुनाव नहीं होने के कारण पैक्स को सुपरसीड कर दिया गया है। पहले भी सैकड़ों किसानों ने बीसीओ और डीसीओ को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर टैगिंग की मांग की थी। किसानों का आरोप है कि टैगिंग के बजाय प्रशासक नियुक्त कर दिया गया,



जबकि पैक्स के प्रबंधक ने भी इस्तीफा दे दिया है। ऐसी स्थिति में धान खरीद संभव नहीं है और यदि खरीद होती भी है तो भुगतान में देरी की आशंका है।

इस संबंध में एसडीओ गरिमा लोहिया ने बताया कि किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है। बीसीओ को बुलाया गया है और किसानों के हित में जल्द उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर राममय हुआ मसौढ़ी

**मसौढ़ी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर पूरे देश भर में उत्साह का माहौल है वहीं मसौढ़ी में भी इसका खासा उत्साह देखने को मिला है जहां बुधवार को मसौदे में रोड स्थित है स्वर्णकार समाज की ओर से भव्य और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में खीर पूरी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कई। मंदिरों में रामचरितमानस का पाठ, सुंदर पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही मसौढ़ी के श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां इस दौरान राम रक्षा स्तोत्र पाठ, श्री सुंदरकांड पाठ और श्री राम नाम संकीर्तन भी आयोजित किए गए।पाठ के बाद हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद रामलला की आरती किये गये। बहरहाल 31 दिसंबर को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है. सभी सनातनियों से 31 दिसंबर को अपने निकटतम मंदिर में जाकर पूजा-पाठ करने और खुशियां मनाने की अपील की है।

# दुष्कर्म का वीडियो वायरल मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** विसुनगंज थाना क्षेत्र से एक नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए विसुनगंज थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि एक नाबालिक युवती अपने नानी के घर आई थी। वहीं एक युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए उसका वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर उसने वायरल कर दिया था। वायरल वीडियो को देखकर पीड़िता के परिजन नालंदा थाना पहुंचे, जिसके बाद नालंदा पुलिस ने विसुनगंज थाने की पुलिस से संपर्क किया और पूरी बात से अगवत कराया, जिसके बाद विसुनगंज थाने में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## छापेमारी में 14 लीटर शराब बरामद

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर थाना की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में छापेमारी कर 14 लीटर देसी शराब बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जगदीशपुर गांव निवासी छोटू मांझी के घर छापेमारी कर 14 लीटर देसी शराब बरामद किया है।

# फर्जी सचिव बना कर पांच लाख की लोन निकासी का आरोप

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढ़ी के अंतर्गत चल रहे आजीविका ग्रुप के कई नए करनामें का खुलासा प्रतिदिन हो रहे हैं। ऐसे में बुधवार को एक और मामला प्रकाश में आया हैं। जहां पर एक शाहीन आजीविका ग्रुप के द्वारा एक फर्जी सचिव बना कर केनरा बैंक के द्वारा 5 लाख का लोन फर्जी तरीके से निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। लिखित आवेदन के आलोक में कुमारी मृदुल्ला, पति पिन्टु सिंह, वार्ड सं0-24, ब्लॉक रोड, मसौढी का निवासी है। मुझे बिना जानकारी के शाहीन आजिवीका ग्रुप का सचिव बनाकर फर्जी तरिके से मेरे नाम से 500000/- रुपया (पाँच लाख सरला का निकासी कर लिया है और यह एटध रेणू कुमारी के द्वारा किया गया। इसकी जानकारी मुझे कैनरा बैंक से नोटिस मिलने के पश्चात मालूम चला। मेरे द्वारा इस संबंध में लगभग तीन माह पूर्व इसकी सूचना आवेदन के द्वारा नगर परिषद् कार्यालय में किया गया था, लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी वहीं नगर परिषद प्रशासन के द्वारा इस पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना कांड संख्या 106/23 के अप्राथमिक अभियुक्त मुंगेर जिले के कासिमबाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर गांव निवासी सिंघेश्वर सहनी के पुत्र दिलीप कुमार उर्फ दिलीप सहनी को गिरफ्तार कर बुधवार को अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि इनकी तलाश बहुत दिनों से जारी था।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0 जनजाति, अनु0 जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
**Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

**आम सूचना**

पलामू जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में घंटी आधारित PGT/TGT/PRT प्रशिक्षित शिक्षिकों की आवश्यकता है। पलामू जिला के निवासी स्नातक प्रशिक्षित योग्य युवक/युवतियों का पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्वः अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक 09.01.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्ते तथा आवेदन हेतु प्रपत्र पलामू जिला के वेबसाईट palamu.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 369744 District (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**अति आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–19.12.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा सं0–**11/RCD/Daltonganj/2025-26/1159** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No.-369089 District (25-26)_D** है। जिसका **Tender ID 2025_CECOM_108372_1** है। टंकणीय भूलवश BOQ का Unit Mismatch के कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR.NO.369746 District(25-26):D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना (2nd Call)**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2025 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | मनातू हाट | मनातू | 09.01.2026 | 01:00 PM बजे से | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 08.01.2026 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 8292684041 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

नोट :– यदि इस बार भी किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा डाक में भाग नहीं लिया जाता है तो उस परिस्थिति में एकल व्यक्ति/संस्था को हाट मनातू आवंटित करने हेतु जिला परिषद स्वतंत्र होगा।

ह0/– उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 369790 District (25-26)_D



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. : 226_2025-26, दिनांक 31.12.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. 226_2025-26, कार्य का विवरण** : i) वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार में कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चुंचुड़ा और हुगली स्टेशनों में प्लेटफॉर्म को ऊँचा करते हुए प्लेटफॉर्म सतह की उन्नति। ii) वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार में दियारा, नसीबपुर, सिंगुर, कामारकुंडु, नालिकुल, मालिया हाल्ट, हरिपाल और कैकाला स्टेशनों में प्लेटफॉर्म को ऊँचा करते हुए प्लेटफॉर्म सतह की उन्नति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 22,07,77,313.69, **बयाना राशि:** रु. 12,53,900/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 12.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-501/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# कानून के दायरे में मनाएं नव वर्ष : डीएम

## सभी पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों तथा चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी नियुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** वर्तमान वर्ष की समाप्ति एवं नववर्ष 2026 के प्रारंभ होने के अवसर पर रोहतास जिले में विभिन्न पर्यटन स्थलों, मंदिरों, पार्कों पर बड़ी संख्या में सैलानियों, पर्यटकों, स्थानीय लोगों का आगमन होता है जिसमें बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल रहती है। ऐसे में जिले में विधि-व्यवस्था, शांति एवं जन-सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विस्तृत संयुक्त आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत 31 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी तक जिले के सभी प्रमुख, संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों, बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के सभी पिकनिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की नजर रहेगी। तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने निर्धारित स्थल पर समय से उपस्थित रहेंगे तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। रात्रि गश्ती को विशेष रूप से चौक चौराहों, प्रमुख सड़कों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाने तथा शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की अलग से प्रतिनियुक्ति की गई है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर निर्धारित मानकों का पालन कराने, हुड़दंग, अश्लीलता, नशाखोरी अथवा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। जिले के सासाराम अनुमंडल में शेरशाह मकबरा, नेहरू शिशु उद्यान, महावीर मंदिर गौरक्षणी, दुर्गा मंदिर गौरक्षणी, मां ताराचण्डी धाम, गोरैला पहाड़, पायलट बाबा धाम, ताराचंडी नाका, मांझर कुंड, धुआं कुंड, दुर्गावती जलाशय, बादलगढ़, महादेवा डैम सिकरिया, गीता घाट, संजय सिंह पार्क चंदन में दो शिफ्ट में 24 दंडाधिकारी एवं 24 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के नासरीगंज-दाउदनगर पुल, अमियावर सोन घाट, हरिहरगंज सोन घाट, करियवा बाल बिक्रमगंज, तेंदुनी चौक, थाना चौक, कस्तर महादेव मंदिर, भलुनी धाम दिनारा में दो शिफ्ट में 16 दंडाधिकारी एवं 16 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के इंद्रपुरी डैम, एनीकट, झारखंडी मंदिर, तुतला भवानी धाम, रोहतासगढ़ किला, चौरसन मंदिर, कशिश वाटर फॉल, महादेव खोह में दो शिफ्ट में 16 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने एवं उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नववर्ष का उत्सव शांति, सौहार्द एवं कानून के दायरे में रहकर मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें।

# डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड की पहल, शीतलहर से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रोहतास।** डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के रोहतास सीमेंट वर्क्स द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए ग्रामीणों की राहत के लिए सराहनीय पहल की गई है। इस क्रम में बकनौरा, समहूता एवं बंजारी ग्राम पंचायतों के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था की गई है। ताकि आमजन को ठंड से बचाया जा सके। इस पहल के अंतर्गत रोहतास सीमेंट वर्क्स के समीपवर्ती गांवों में सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों और आवागमन वाले प्रमुख क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे विशेष रूप से वृद्धजनों, महिलाओं, बच्चों और राहगीरों को शीतलहर से राहत मिल रही है। ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल के लिए डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड और रोहतास सीमेंट वर्क्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था से उन्हें काफी राहत मिल रही है और ठंड से बचाव में यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। रोहतास सीमेंट वर्क्स की ओर से यह भी बताया गया कि भविष्य में भी स्थानीय समुदायों के कल्याण और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। ताकि आसपास के गांवों के लोगों को हर संभव सहयोग मिल सके।

## डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह दिसंबर -2025 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये सामुदायिक भवन, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार द्वारा आज डीडीयू मंडल के कुल 28 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल रु. 12,45,07,389/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।

नव वर्ष 2026 की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सूर्यनंदन शाही
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा
छपरा (सारण)

आप सभी को नव वर्ष, की ढेर सारी शुभकामनाएं
विकास कुमार
जिला परिषद सदस्य, क्षेत्र संख्या-10
मदनपुर (औरंगाबाद)

# डालमिया भारत फाउंडेशन की कौशल विकास पहल से रोहतास में दिखा सकारात्मक प्रभाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** डालमिया भारत फाउंडेशन की कौशल विकास पहल के तहत रोहतास जिले में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। दीक्षा परियोजना के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत आठवें बैच के तहत 30 दिसंबर 2025 को दो नए प्रशिक्षण बैचों का उद्घाटन नाबार्ड के डीडीएम द्वारा किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट और असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड शामिल हैं जिनमें कुल 60 अभ्यर्थियों का नामांकन किया गया है। इनमें 30 अभ्यर्थी जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा 30 अभ्यर्थी असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान दीक्षा परियोजना के सातवें बैच के प्रशिक्षुओं ने 90 दिनों का गहन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर उन्हें प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि के साथ सतत आजीविका के अवसर सुनिश्चित हुए। उद्घाटन समारोह में कोऑपरेटिव बैंक रोहतास एवं भभुआ के प्रबंध निदेशक अरविंद पासवान, नाबार्ड रोहतास के डीडीएम सुनील कुमार, लीड बैंक मैनेजर रोहतास शैलेश कुमार, प्लांट एचआर हेड संजय झा, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, ब्लॉक को-ऑपरेटिव ऑफिसर रोहतास, पूर्व जिला परिषद सदस्य बाबन सिंह, पैक्स अध्यक्ष बंजारी अजीत सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बकनौरा ग्राम पंचायत रवि पासवान, आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता फैजल मुनीद खान और जिशान अहमद, प्रधानाध्यापक आर. एन. सिंह, कोचिंग इंस्टिट्यूट रोहतास के निदेशक समर मुजाद, पैक्स तेलकूप, पंचायत राज संस्थानों के प्रतिनिधि एवं अन्य सामुदायिक नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अरविंद पासवान ने दीक्षा पहल की सराहना करते हुए भविष्य में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। अन्य वक्ताओं ने ग्राम परिवर्तन और दीक्षा परियोजनाओं के माध्यम से डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कौशल विकास कार्यों की प्रशंसा की। नाबार्ड के डीडीएम और लीड बैंक मैनेजर ने ग्राम परिवर्तन परियोजना एवं दीक्षा कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावशाली बताते हुए कहा कि यह पहल नौ गांवों में लागू की जा रही है जिससे लगभग 3,500 परिवार लाभान्वित हो रहे हैं और जमीनी स्तर पर इसका स्पष्ट सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर प्लांट एचआर हेड संजय झा, महेंद्र सिंह, बाबन सिंह, अजीत सिंह और रवि पासवान सहित अन्य सामुदायिक प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। वहीं रोहतास सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड आशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा ग्राम परिवर्तन और दीक्षा जैसी प्रमुख परियोजनाओं के माध्यम से सामुदायिक विकास के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिससे प्लांट के आसपास के गांवों में उल्लेखनीय सकारात्मक बदलाव आया है।

आप सभी को नव वर्ष, की ढेर सारी शुभकामनाएं
महेन्द्र यादव
कार्यकारी अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमिटी
औरंगाबाद

आप सभी को नव वर्ष, की ढेर सारी शुभकामनाएं
S. MISSION. CLASSES
12th Class का नया Batch 3 January 2026 से शुरु हो रहा है।
By:-SRIKANT SIR
MADANPUR, DEO (AURANGABAD)
Special For ISc (XIth & XIIth)

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
कार्यपालक सहायक
सामाजिक सुरक्षा कोषांग
मनसाही, कटिहार

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश प्रसाद महतो
सरपंच
ग्राम कचहरीः द्वाशय, डंडखोरा, कटिहार

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शिवनंदन केशरी
प्रधानाध्यापक
स्त्रोन्नत मध्य विद्यालय, मनसाही (कटिहार)

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इजहार खाँ
जिला सचिव, जदयू-सह-20 सूत्री सदस्य
डंडखोरा, कटिहार

# पराली जलाने पर कैमूर में 205 किसानों का डीबीटी निबंधन ब्लॉक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने स्पष्ट किया है कि व्यापक जागरूकता अभियानों के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले में होर्डिंग और ई-रिक्शा के माध्यम से गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार कराया गया था। इसके बावजूद पराली जलाने के आरोप में अब तक 205 किसानों का डीबीटी निबंधन ब्लॉक कर दिया गया है। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिन किसानों का निबंधन ब्लॉक हुआ है, उन्हें अब पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलेगी और न ही वे धान अधिप्राप्ति के तहत अपना धान बेच पाएंगे।

भावभीनी श्रद्धांजलि

आज हमारे प्रिय पिताजी स्वर्गीय नवीन चंद्र सिन्हा का जन्मदिन है।
(स्वर्गवासः 23.03.2025)
इस अवसर पर हम–पुत्र हर्ष सिन्हा, पुत्रियां श्रीमती डॉली श्रीवास्तव एवं गरिमा श्रीवास्तव तथा धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कुमारी– भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की चिरशांति की प्रार्थना करते हैं।



आपका स्नेह, संस्कार और मार्गदर्शन
हमारे जीवन में सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।
विनम्र श्रद्धांजलि

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार मंडल
सरपंच
ग्राम कचहरीः रायपुर, डंडखोरा, कटिहार

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बिमला देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत-भमरैली, डंडखोरा, कटिहार

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश कुमार मंडल
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा, कटिहार

नव वर्ष 2026 की प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार
प्रखंड कृषि पदाधिकारी
मनसाही, कटिहार

बिहार सरकार
संदेश
मुख्यमंत्री
बिहार
नव वर्ष, 2026 के अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।
मेरी शुभकामना है कि नव वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाए तथा बिहार निरन्तर आर्थिक प्रगति एवं सामाजिक समरसता के पथ पर अग्रसर रहे।
नीतीश कुमार
PR No.- 020063 (Home)D. 2025-26

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR
बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022
संदेश
समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को नूतन वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।
आईए, नये वर्ष में हम सब सामूहिक प्रयास, अनुशासन और आपसी सहयोग से राज्य एवं देश को प्रगति और समृद्धि के नए शिखर तक पहुँचाने का संकल्प लें।
मेरी कामना है कि यह वर्ष सब के जीवन में ढ़ेर सारी खुशियाँ और उपलब्धियाँ लेकर आये।
आरिफ मोहम्मद खां
PR No.- 020442 (Governor Secretariat)D. 2025-26

# अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बुधवार को अनुमंडल कार्यालय सदर में अनुमंडलीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण की वर्ष की अंतिम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव ने की। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े मामलों में गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों से समय पर मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन्हें न्याय मिल सके। इस अवसर पर वजीरगंज कैंप के पुलिस उपाधीक्षक सुनील पांडे ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े मामलों में दोषियों की गिरफ्तारी हर हाल में की जा रही है और आगे भी कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। समिति के सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर पुलिस अनुसंधान पदाधिकारी के अधीन जितने भी मामले लंबित हैं, उनमें तेजी से आरोप पत्र गठन कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। बैठक में विधान सभा अध्यक्ष प्रतिनिधि देवानंद पासवान, नगर प्रखंड प्रमुख सुचित्रा रंजीनी, फतेहपुर प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी तथा नगर क्षेत्र के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया और सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## अवैध कोयला लदे दो हाइवा जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया।** बहेरा थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के आमीन मोड़ के पास जांच के क्रम में अवैध रूप से कोयला लदे दो हाइवा को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार जैसे ही वाहनों को जांच के लिए रोका गया, उसी दौरान चालक अंधेरा और घने कोहरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों हाइवा को जब्त कर बहेरा थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया।

## फरार दो वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना की पुलिस ने छतरपुर गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरविंद यादव एवं अर्जुन यादव, दोनों ग्राम छतरपुर, थाना-कोंच, जिला-गया निवासी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी काफी दिनों से फरार थे जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों का कोविड जांच कराया, तत्पश्चात आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


































# औरंगाबाद जिला : ढेर सारी उम्मीदें लेकर आ रहा 2026

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वर्ष 2025 में बिहार के औरंगाबाद जिले ने विकास की मजबूत नींव रखी और अब 2026 इसे साकार करने का वर्ष साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणाओं और केंद्र-राज्य की संयुक्त योजनाओं से जिले में शुरू हुईं प्रमुख परियोजनाएं अगले साल अपने चरम पर पहुंचेंगी। स्वास्थ्य, ऊर्ज़ा, कनेक्टिविटी, शहरी सुविधाएं और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ये योजनाएं जिले की तस्वीर पूरी तरह बदल देंगी। स्थानीय निवासी इनसे बेहतर स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली और बेहतर जीवन की मजबूत उम्मीदें पाल रहे हैं।

**स्वास्थ्य :** सबसे बड़ी उम्मीद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जुड़ी है। देव प्रखंड के पातालगंगा मठ के पास 33.77 एकड़ भूमि पर 430 बेड क्षमता वाले इस कॉलेज के निर्माण के लिए 400 करोड़ 29 लाख रुपये की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। 2025 में जमीन चिह्नांकन, डिजाइन और शुरुआती कार्य पूरे हो चुके हैं। 2026 में भवन निर्माण का मुख्य चरण पूरा होने की संभावना है, जिससे जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा शुरू होगी। इससे न केवल औरंगाबाद बल्कि पड़ोसी जिलों के लोग भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित होंगे। एमबीबीएस की 100 नई सीटें और स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से इलाज के लिए पटना या दूसरे राज्यों की मजबूरी खत्म होगी।

**ऊर्जा :** ऊर्ज़ा क्षेत्र में नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (स्टेज-दो) सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 में आधारशिला रखी गई इस 2,400 मेगावाट परियोजना की कुल लागत करीब 30,000 करोड़ रुपये है। अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित यह प्लांट बिहार को 1,500 मेगावाट से अधिक बिजली देगा। 2025 में निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो चुका है, और पहली इकाई 2028-29 तक पूरी होने की उम्मीद है लेकिन 2026 में प्रमुख संरचनाएं और बुनियादी कार्य पूरे होने से बिजली उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। इससे जिले में न केवल 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलेगी, बल्कि हजारों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**सड़क सम्पर्क :** कनेक्टिविटी में अमास-दरभंगा एक्सप्रेसवे का काम 2026 में पूरा होने की मजबूत संभावना है। यह हरित क्षेत्र एक्सप्रेसवे औरंगाबाद से होकर गुजरेगा, जिससे पटना, गया और मिथिला क्षेत्र से जुड़ाव मजबूत होगा। 2025 में 40% से अधिक काम पूरा हो चुका है, और मार्च 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य है। इससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी और व्यापार-व्यवसाय को नई गति मिलेगी। वाराणसी-कोलकाता हाइवे का निर्माण अंतिम चरण में होगा और उम्मीद है कि जीटी रोड के सिक्स लेन का कार्य भी अगले वर्ष पूरा हो जाए। अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली रेल लाइन का निर्माण भि 2026 में शरू हो सकता है। एन एच 139 को ले कर भी लोग उम्मीद कर रहे कि शायद लगातार होती मौतों से केंद्र सरकार का दिल पिघले और इसे फॉर लेन करने का निर्णय लिया जा सके।

**पेयजल :** शहरी विकास में अमृत 2.0 योजना के तहत औरंगाबाद में जलापूर्ति और सीवरेज नेटवर्क की परियोजना 2026 में पूर्णता की ओर बढ़ रही है। 2025 में मंजूर 1,648 करोड़ रुपये की इस योजना से शहर की सीवरेज और पानी की समस्या हमेशा के लिए खत्म होगी। साथ ही देव रिंग रोड और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी 2026 में पूरा होने की उम्मीद है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और खेल सुविधाएं बेहतर होंगी।

**उद्योग व सिंचाई :** औद्योगिक मोर्चे पर औद्योगिक शहर की तैयारी 2026 में ठोस रूप लेगी। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के किनारे 400 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया 2025 में शुरू हुई है। 2026 में प्लॉट आवंटन और पहली इकाइयों की स्थापना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तर कोयल परियोजना में भी अगले साल गेट लगने और काम पूरा होने की उम्मीद है। इन योजनाओं से जिले में स्वास्थ्य, ऊर्ज़ा, रोजगार और कनेक्टिविटी के नए द्वार खुलेंगे। स्थानीय लोग इनसे जुड़ी उम्मीदें लेकर 2026 का इंतजार कर रहे हैं, जब ये परियोजनाएं वास्तविक रूप में जनजीवन को समृद्ध बनाएंगी। यह विकास यात्रा बिहार के उभरते केंद्र के रूप में औरंगाबाद को स्थापित करने वाली साबित होगी।

# ओबरा, नवीनगर व दाउदनगर में काफी कम हुई धान की खरीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025ऽ26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में किसानों से अधिप्राप्त धान की वर्तमान स्थिति तथा किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में खरीफ विपणन वर्ष 2025ऽ26 हेतु चयनित कुल 189 पैक्स एवं व्यापार मंडल कार्यशील हैं, जिनमें से अब तक 90 पैक्सों में 40 प्रतिशत सीसी तक धान की खरीद की जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी पैक्सों में न्यूनतम 60 प्रतिशत सीसी तक धान क्रय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रखंडवार सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के माध्यम से की जा रही धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि ओबरा, नवीनगर एवं दाउदनगर प्रखंडों में धान क्रय की प्रगति राज्य के औसत से काफी कम है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को लक्ष्य निर्धारण में सुधार करने तथा मिलों का सत्यापन एवं टैगिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को सीएमआर प्राप्ति हेतु पर्याप्त भंडारण क्षमता सुनिश्चित करने के लिए गोदाम की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद, जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष सहित सहकारिता विभाग से संबंधित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## किशोरी का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय एक किशोरी का शव उसके घर से मात्र सौ मीटर की दूरी से बरामद किया गया है। मामले में परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। परिजन के अनुसार किशोरी मंगलवार की शाम अपने घर से 300 मीटर की दूरी पर स्थित मौसेरी बहन के घर सामान लेने गई थी। आधे घंटे के बाद वहां से घर जाने के लिए निकली लेकिन वह घर नहीं पहुंची। जब काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में देर रात क़रीब उसका शव मिला। परिजनों ने उसे बेहोश समझ कर आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां के अनुसार पड़ोस का ही एक रहने वाला एक नाबालिग अक्सर मेरी बेटी को तंग करता था। मां की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नाबालिग को पकड़ आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पूर्व सांसद की पहल पर प्रशासन ने दिया पुनर्वास का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड संख्या 28 यमुना नगर के दलित एवं महादलित परिवारों के सैकड़ों लोगों ने भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पहुंचकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यमुना नगर क्षेत्र अदरी नदी के किनारे स्थित है, जहां रिवर फ्रंट परियोजना के कारण लगभग 25 से 30 घर पूर्ण रूप से विस्थापित हो रहे हैं। पीड़ित परिवारों ने कहा कि वे पिछले करीब 30 वर्षों से इसी स्थान पर मकान बनाकर रह रहे हैं। सभी परिवार भूमिहीन हैं और आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर स्थिति में हैं। रिवर फ्रंट परियोजना के तहत उनके घर तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे वे अचानक बेघर होने की कगार पर हैं। परिवारों में छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पढ़ाई करने वाले छात्र हैं। कड़ाके की ठंड के बीच घर उजड़ने की स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लोगों ने मांग की कि शहर के आसपास कहीं भूमि आवंटित कर पुनर्वास कराया जाए तथा क्षतिपूर्ति भी दिलाई जाए। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सुशील कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा को पत्र लिखकर तथा उनसे मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने सुझाव दिया कि विस्थापित होने वाले परिवारों को शहर के आसपास भूमि आवंटित कर प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता देते हुए आवास बनवाए जाएं। साथ ही यदि संभव हो तो टूट रहे पक्के मकानों का आकलन कर उचित मुआवजा भी दिया जाए। इस पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने आश्वासन दिया कि पहले प्रभावित परिवारों को आवास और भूमि आवंटित की जाएगी, उसके बाद ही विस्थापन की प्रक्रिया की जाएगी। इस संबंध में सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार, निक्की देवी, सरोज देवी, मालती देवी, प्रभा देवी, मंजू देवी, सोनू कुमार सहित वार्ड संख्या 28 के अन्य लोग उपस्थित रहे।




## सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र के भोपतपुर पंचायत अंतर्गत घोरहा गांव के 50 वर्षीय किसान की सड़क दुर्घटना में झारखंड में मौत हो गई। इस घटना में ऑटो चालक भी घायल हो गया। घटना झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत सुल्तानी के समीप घटित हुई है। मृत किसान की पहचान प्रमोद सिंह यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल चालक की पहचान थाना क्षेत्र के ही मुंशी बिगहा गांव निवासी राजू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि धान की कटनी के लिए वे झारखंड के छतरपुर तरफ से मजदूर बुलाये थे। उसे वापस पहुंचा लौट रहे थे कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गये।




# विधायक प्रमोद सिंह को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संज्ञा समिति के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय के नेतृत्व में रफीगंज के विधायक प्रमोद सिंह को उनके आवास पर माल्यार्पण, शॉल, मोमेंटो और भगवान सूर्य के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि प्रमोद कुमार सिंह एक लोकप्रिय नेता के साथ साथ जनता के सुख-दुख में खड़ा रहने वाले नेता हैं। रफीगंज के विधायक बनने पर उन्हें संज्ञा परिवार बधाई एवं शुभकामनाएं देती है। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इसके उपरान्त विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने भी संज्ञा समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि संज्ञा समिति वर्तमान में अच्छा कार्य कर रही है। संज्ञा समिति के द्वारा हमें सम्मानित किया गया जो अत्यंत ही गौरवपूर्ण और भावपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने अभिभावक सम्मान समारोह, केताकी में मेडिकल कैंप सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों की काफी सराहना किया। मौके पर केंद्रीय सह सचिव आशुतोष पाठक, उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन, संयोजक अजीत मिश्रा, कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, अंकेक्षक भारती भूषण, कार्यालय प्रभारी पंडित रौशन मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य मनोज मिश्रा, आचार्य विशाल मिश्रा, संजय मिश्रा और शुभम पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।




# उमगा पर्वत पर दूर-दूर से आते हैं पर्यटक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के उमगा पहाड़ पर पिकनिक मनाने दूर से सैलानी आते हैं। एक जनवरी को पहाड़ पर पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ता है। सुबह से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से यह पहाड़ महत्वपूर्ण है। पहाड़ की मनोरम छटा सैलानियों को पसंद आती है। धार्मिक धरोहर के साथ यह पहाड़ आस्था का केंद्र है। उमगा पहाड़ पर पाषाण कला की उत्कृष्टता का अहसास कराता लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर स्थित सूर्य मंदिर धरती की ऐतिहासिकता और साक्ष्य समेटे गौरव गाथा को परिलक्षित करता है। मंदिर में सुबह से पूजा करने के लिए लोग उमड़ पड़ते हैं। कला एवं शिल्प कला के दृष्टिकोण से मंदिर अद्वितीय है। मंदिर के सामने गरुड़ स्तंभ प्राचीन जगन्नाथ मंदिर की प्रमाणिकता प्रस्तुत करता है। उमगा पर्वत व आसपास के क्षेत्र प्राचीन एवं पुरातात्विक हैं। यहां अनेक देवी देवताओं की प्रतिमा बिखरी है जो इस बात का गवाह है कि पर्वत श्रृंखलाओं पर 52 मंदिरों की शृंखला है। सूर्य मंदिर में गणेश, सूर्य और काल भैरव की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के अंदर गर्भगृह मे दसभुजी गणेश, सिद्धेश्वर महादेव वक्रतुंड गणपति एवं प्रवेश द्वार के बायीं ओर लक्ष्मण एवं दाहिने द्वार पर राम सीता का प्रतिमा है। परशुराम व रंभा, मेनका की प्रतिमा है। मंदिर के सामने भाग के ऊपरी दीवार पर गणपति, अग्नि देवता एवं चार हनुमान की प्रतिमा देखने को है। मंदिर के उत्तर दिशा में ग्राह का प्रतीक है जो यह प्राचीन काल में भगवान विष्णु मंदिर होने का प्रमाणित करता है।



















